दैनिक
डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में प्रसारित !
R.N.I.68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
# लोकतंत्र की आवाज
● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 08 मार्च 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 647



## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहार में इंडिया जीता तो मुख्यमंत्री कौन? कांग्रेस इस नाम पर सहमत



**लोक तंत्र कीआवाज़**

**पटना।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। इससे पहले सियासी बयानबाजी जोरों पर हैं। दोनों गठबंधनों के नेता एक–दूसरे पर जमकर वार–पलटवार कर रहे हैं। बजट सत्र के दौरान सीएम बनने और बनवाने को लेकर तेजस्वी और सीएम नीतीश कुमार के बीच जमकर जुबानी तीर चले। सीएम के बयान पर तेजस्वी ने चुटकी लेते हुए कहा कि मेरी वजह से नीतीश जी दो बार सीएम बने हैं, वरना उनकी पार्टी टूट चुकी होती। इस बीच गुरुवार को आरजेडी और कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस विधायक विजय शंकर दूबे और राजेश राम को तेजस्वी ने महागठबंधन का नेता बताया। कांग्रेस के विधायकों ने कहा कि तेजस्वी हमारे गठबंधन के नेता हैं उन्ही के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा और महागठबंधन की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री का चेहरा सिर्फ तेजस्वी ही होंगे। फिर कांग्रेस का कोई नेता, कुछ भी बयान दे उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस हाईकमान भी तेजस्वी को नेता मान चुकी है।

**अगले चुनाव के बाद नीतीश कुमार सीएम नहीं बनेंगे:** बैठक के दौरान तेजस्वी यादव ने विधायकों को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि विधायक कोई ऐसा बयान नहीं दें, जिससे कोई विरोधाभास न हो। सभी विधायक मिलकर रहे। उन्होंने सभी विधायकों को जनता के बीच रहने को कहा है। तेजस्वी ने कहा कि जिन आरजेडी विधायकों का प्रदर्शन खराब होगा, उनसे हम बात करेंगे। सभी विधायक चुनाव की तैयारी में लग जाएं। बैठक में तेजस्वी ने सीएम नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगले चुनाव के बाद नीतीश कुमार सीएम नहीं बनेंगे। सभी लोग इस संकल्प के साथ लोगों के बीच जाएं। तेजस्वी ने सभी विधायकों को निर्देश देते हुए कहा कि कानून–व्यवस्था के मुद्दे पर लगातार सीएम नीतीश कुमार को आलोचना करें। महागठबंधन के सभी विधायक सड़क से लेकर सदन तक एकजुटता दिखाएं और अग्रेसिव रहें।

# मोदी और शाह को गुजरात में हराऊंगा! राहुल गांधी करने जा रहे ये बड़ा धमाका

**लोक तंत्र कीआवाज़**



**गांधीनगर/नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 में जब बीजेपी बहुमत से दूर हो गई थी और उसे साथियों के साथ मिलकर केंद्र में सरकार बनानी पड़ी थी, उस वक्त कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद में बड़ा बयान दिया था। वायनाड और रायबरेली से चुनाव जीते राहुल ने भरे सदन में बीजेपी को ललकारते हुए कहा था कि हम आपको (पीएम मोदी–गृह मंत्री शाह) अब गुजरात में हराएंगे।

राहुल के इस बयान ने उस वक्त काफी सुर्खियां बटोरी थीं। लोकसभा में 52 से 99 सांसदों तक पहुंची कांग्रेस के इस आत्मविश्वास से हर कोई हक्का–बक्का रह गया था। सब यही पूछ रहे थे कि राहुल किस आधार पर बीजेपी को उसके सबसे मजबूत गढ़ में हराने का दावा कर रहे हैं। जिस गुजरात में बीजेपी पिछले तीन दशक से अजेय है, वहां कांग्रेस कैसे जीत हासिल कर पाएगी?

**राहुल ने शुरू की तैयारी :** बता दें कि संसद में दिए बयान के करीब 9 महीने बाद अब राहुल गांधी ने गुजरात चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राहुल शुक्रवार–7 मार्च को दो दिन के दौरे पर गुजरात पहुंचे। यहां वो कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ 5 अहम बैठक करेंगे। इस मीटिंग में 2027 में होने वाले गुजरात चुनाव की तैयारियों की रूपरेखा तैयार होगी। गौरतलब है कि गुजरात बीजेपी का सबसे मजबूत किला है। साल 1995 से बीजेपी यहां कभी नहीं हारी हैं। पिछले चुनाव यानी 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने गुजरात में एकतरफा जीत हासिल की थी। 182 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी को 156 सीटों पर विजय हासिल हुई थी, वहीं कांग्रेस सिर्फ 17 सीटों पर सिमट गई थी। आप को भी चुनाव में 5 सीटों पर जीत मिली थी।

### गुजरात में राहुल गांधी-पीएम मोदी एक साथ क्यों?

**लोक तंत्र कीआवाज़**

**सूरत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दोनों आज गुजरात में हैं। दोनों आज से गुजरात के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी तो 7 दिन में दूसरी बार गुजरात गए हैं। पहले दौरे में प्रधानमंत्री मोदी ने वनतारा की सैर की। लॉयन सफारी का लुत्फ उठाया। वहीं अब दूसरे दौरे में महिला दिवस स्पेशल प्रोग्राम में हिस्सा लेंगे और जनसभा करेंगे।
वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी जनसंपर्क करने गुजरात गए हैं। वे जहां



पार्टी नेताओं और अधिकारियों से बैठक करके गुजरात कांग्रेस की वर्किंग की समीक्षा करेंगे, वहीं 8 और 9 मार्च को गुजरात में होने वाले कांग्रेस के महाधिवेशन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के साथ–साथ केंद्रशासित प्रदेश दादरा नगर हवेली के दौरे पर भी हैं। दोनों गुजरात पहुंच गए हैं और तय शेड्यूल के अनुसार अपना–अपना काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी आज गुजरात के नवसारी–सूरत इलाके में रहेंगे और कल दादरा नगर हवेली चले जाएंगे। वहीं राहुल गांधी कल अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। सियासी गलियारों में चर्चा है कि दोनों का एक साथ गुजरात जाना महज इत्तेफाक है और दोनों जनसंपर्क के लिए गुजरात पहुंचे हैं।

# पीएम मोदी ने सिलवासा में 'नमो अस्पताल' का किया उद्घाटन



**लोकतंत्र की आवाज**

**सिलवासा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के सिलवासा में नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। वह दोपहर 2 बजे सूरत पहुंचे और यहां से केंद्र शासित प्रदेश सिलवासा के लिए रवाना हो गए। उन्होंने यहां 450 बिस्तरों वाले नमो अस्पताल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही 650 बिस्तरों की क्षमता वाले दूसरे चरण का शिलान्यास भी किया। इसके बाद सिलवासा में उन्होंने 2587 करोड़ रुपये लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

**सिलवासा में नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन :** इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सिलवासा में एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने कहा, "दादर नगर हवेली हमारी विरासत है। यहां के विकास के लिए हम प्रतिबद्ध है। दादर नगर हवेली की पहचान टूरिज्म से हो। इसे आधुनिक सेवाओं के लिए जाना जाए। सिलवासा एक नई पहचान के साथ उभर रहा है।

**सूरत में 3 किमी लंबा रोड शो :** पीएम मोदी करीब 5 बजे सिलवासा से सूरत पहुंचेंगे। यहां एयरपोर्ट से लिंबायत तक उनका करीब 3 किमी लंबा रोड शो होगा। इस दौरान उनके स्वागत के लिए हर 100 मीटर पर 30 मंच बनाए गए हैं। इसके बाद लिंबायत के नीलगिरी ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम सूरत में ही रात्रि विश्राम करेंगे और कल सुबह नवसारी जाएंगे। सूरत के कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोग शामिल होने वाले हैं। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए बसों और वाहनों का इंतजाम किया गया है। पीएम मोदी नवसारी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां भी वे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

# बिहार में चुनाव से पहले चिराग पासवान का बड़ा बयान, तेजस्वी यादव की इस बात का कर दिया समर्थन

**लोक तंत्र कीआवाज़**



**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बीते गुरुवार (06 मार्च, 2025) को अपने संसदीय क्षेत्र हाजीपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे. इस दौरान मीडिया से भी उन्होंने बातचीत की. इस सवाल पर कि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का कहना है कि उनकी सरकार आई तो ताड़ी से बैन हटा लिया जाएगा. इस पर जवाब देते हुए चिराग पासवान ने कहा कि मेरी खुद की पार्टी, 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट', इस बात का समर्थन करती है. हम लोगों ने हमेशा से कहा कि जो नीरा और ताड़ी है उसे अल्कोहल (शराब) के अंदर नहीं ला सकते हैं. क्योंकि ये प्राकृतिक पदार्थ है।

चिराग ने कहा कि इस बात की पैरवी हमारी पार्टी भी करती रही है. गठबंधन के भीतर भी हम लोगों ने इस बात को रखने का काम किया है. मैं मानता हूं कि कल को जब 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' के समर्थन की सरकार आती है तो हम लोग भी नीरा, ताड़ी के साथ जो एक बड़ा समुदाय पीढ़ी दर पीढ़ी जुड़ा हुआ है उनकी बातों को, उनकी सोच को, सम्मान देंगे. प्राकृतिक पदार्थ को कतई अल्कोहल की श्रेणी में नहीं लाया जा सकता।

**क्या बोले थे तेजस्वी यादव?:** तेजस्वी यादव ने बीते गुरुवार (06 मार्च, 2025) को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी. उन्होंने कहा था कि हमारी सरकार आई तो ताड़ी को 2016 में बने शराबबंदी अधिनियम से हम बाहर करेंगे। उन्होंने एक्स ( ) पर पोस्ट कर लिखा, ₹शराबबंदी कानून के तहत अब तक लगभग 12 लाख 80 हजार लोगों को जेल भेजा गया है जिसमें 98.99% लोग दलित और अतिपिछड़े वर्गों के हैं। इस कानून की आड़ में एनडीए सरकार द्वारा गरीबों को अत्यधिक परेशान किया गया है. दलित और पासी समाज की एक बड़ी आबादी का शारीरिक, सामाजिक, मानसिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

तेजस्वी कहते हैं, ₹ताड़ी बंद होने से पासी समाज के सामने आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया था, अब तक जैसे तैसे उन्होंने जीवन यापन किया लेकिन अब गरीबी के कारण जीना भी मुश्किल हो रहा है. सरकार ने पासी भाइयों के लिए नीरा शुरू करने की योजना बनाई थी लेकिन इस सरकार ने उसे भी विफल कर दिया है, इसलिए ताड़ी शुरू करना अत्यावश्क है।

# लालू कुनबे पर नीतीश कुमार का बड़ा हमला, सदन में राबड़ी पर बिफरे, कहा-हसबैंड जेल गए तो वाइफ को बना दिया सीएम

**लोक तंत्र कीआवाज़**



**पटना ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर सदन के भीतर राजद मुखिया लालू प्रसाद यादव के कुनबे पर बड़ा हमला बोला है। बजट सत्र के दौरान नीतीश आज विधान परिषद में लालू और उनकी पत्नी राबड़ी देवी पर हमलावर हो गए। राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इसके हसबैंड (लालू यादव) जेल गए तो उन्होंने अपनी वाइफ राबड़ी देवी को बिहार का मुख्यमंत्री बना दिया।

सदन के भीतर नीतीश कुमार और राजद की महिला एमएलसी उर्मिला ठाकुर के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। इससे पहले मंगलवार को नीतीश ने तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए लालू यादव को घेरा था। बिहार में इस बार बजट सत्र काफी हंगामेदार दिख रहा है और सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर तीर चल रहे हैं।

**लालू जेल गए तो पत्नी राबड़ी को बना दिया सीएम:** बिहार विधान परिषद में शुक्रवार को प्रश्न काल के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू की पत्नी व बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भी सदन में मौजूद थीं। इस दौरान राजद की महिला एमएलसी उर्मिला ठाकुर ने सदन में महिलाओं से जुड़ा मुद्दा उठाया। वे नीतीश सरकार पर हमला करने में जुटी हुई थीं और इसी दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी अपनी सीट पर खड़े हो गए। इस दौरान नीतीश कुमार काफी गुस्से में दिखे। विपक्ष की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों को कुछ मालूम नहीं है। इन लोगों ने आज तक महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं किया। ये लोग बस दिखावे के लिए हो–हल्ला मचाते रहते हैं। इसी दौरान उन्होंने लालू की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी पर भी तीखा हमला किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस बयान पर राजद के एमएलसी सुनील कुमार ने तीखी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के बयान को सदन की कार्यवाही से बाहर निकाला जाना चाहिए। उन्होंने अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया। बिहार में बजट सत्र के दौरान यह दूसरा मौका है जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू के कुनबे पर तीखा हमला बोला है। इसके पहले मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव पर हमला बोला था।

# तेजस्वी के हाथ लगा लालू-राबड़ी राज का खास डेटा

**लोक तंत्र कीआवाज़**

**पटना।** इस साल अक्टूबर–नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले सत्तारूढ़ एनडीए लालू–राबड़ी जंगल राज की कहानी को फिर से हवा देने की कोशिश में लगी है। दूसरी ओर आरजेडी ने इसका आक्रामक तरीके से मुकाबला करने का फैसला किया है। इस सप्ताह की शुरुआत में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राज्य विधानसभा में यह बात स्पष्ट रूप से दिखाई दी। हाल ही में, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडीयू ने 1990–2005 के दौरान राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के शासनकाल के खिलाफ जंगलराज के आरोपों को दोहराने की पूरी कोशिश की है।

### ● मोदी- नीतीश को जवाब देने के लिए खास फाइल तैयार

**जंगलराज का बचाव:** 24 फरवरी को भागलपुर में नीतीश के साथ एक संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजद पर हमला करते हुए उसे जंगलराज वाले कहा। नीतीश कुमार हमेशा अपने चुनाव अभियानों में, 2005 से शुरू होने वाले अपने कार्यकाल और उसके पहले के 15 साल के लालू–राबड़ी शासन के बीच तुलना करने की कोशिश करते रहे हैं। तेजस्वी यादव अब नीतीश कुमार के इन आरोपों और 2005 के पहले कुछ था जी? इसका जवाब देने की पूरी तैयारी करके सामने आ रहे हैं।

**तेजस्वी का करारा जवाब:** हाल में राज्यपाल के अभिभाषण पर अपना



जवाब देते हुए तेजस्वी यादव ने तंज का मिश्रण करते हुए नीतीश कुमार को जवाब दिया। तेजस्वी ने कहा कि मुझे लगता है कि बिहार का जन्म 2005 के बाद हुआ है। 2005 से पहले न तो सूरज था, न चाँद और न ही तारे।' उन्होंने नीतीश को याद दिलाया कि विधानमंडल के संयुक्त सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण में भी उनकी सरकार की उपलब्धियों के साथ–साथ यह भी बताया गया था कि 2022–24 के दौरान दो लाख नौकरियां दी गईं,।

**नीतीश कुमार पर हमला:** इसके बाद विपक्ष के नेता ने सीएम पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नीतीश कुमार अब दोहराव वाले और पूर्वानुमेय हो गए हैं। वह अटके हुए रिकॉर्ड की तरह लगते हैं... लेकिन मैं आपको बताऊंगा कि लालू जी ने बिहार के लिए क्या किया है। लेखक मोहन गुरुस्वामी की किताब, ₹इंडिया: इश्यूज इन डेवलपमेंट₹ का हवाला देते हुए तेजस्वी ने कहा कि बिहार की नवीनतम वार्षिक प्रति व्यक्ति आय 1,100 डॉलर है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि अगर नीतीश कुमार लंबे समय तक सत्ता में रहे, तो वे इसके लिए अंग्रेजों और 18वीं सदी के शासन को दोष देना शुरू कर देंगे।

**लालू राज में हुआ काम**
तेजस्वी ने कहा कि 1990 के बाद से लालू प्रसाद ने जो पहला काम किया, वह बिहार में 22 बार सरकार बदलने और 1961 से पांच बार राष्ट्रपति शासन देखने के बाद एक स्थिर सरकार प्रदान करना था। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन और सशक्तिकरण लाया, जो पिछले 150 वर्षों में नहीं किया गया था।

# बिहार विधान परिषद में क्यों रोने लगी जेडीयू की एमएलसी रीना देवी?

**लोक तंत्र कीआवाज़**

**पटना।** बिहार में इन दिनों बजट सत्र चल रहा है। बजट पर चर्चा के दौरान सीएम नीतीश ने विधान परिषद में 3 महिला सदस्यों को फटकार लगाई। इसके अलावा उन्होंने पूर्व सीएम राबड़ी देवी पर निशाना साधा। वहीं इस दौरान एक घटना हुई। आरजेडी सदस्य अब्दुल बारी सिद्दीकी और सरकार में मंत्री अशोक चौधरी के बीच जमकर तू–तू–मैं–मैं हुई। इसके बाद जदयू सदस्य रीना देवी सदन में रोने लगी।

**मंत्री अशोक चौधरी से भिड़े अब्दुल बारी सिद्दीकी:** जदूय विधान परिषद सदस्य रीना देवी ने सदन में सवाल पूछा तो आरजेडी सदस्य अब्दुल बारी



सिद्दीकी ने कहा कि आप चापलूसी मत कीजिए, ये बताइये कि आपकी सरकार ने महिलाओं के लिए क्या काम किया है? इस दौरान अब्दुल बारी सिद्दीकी की बात सुनकर मंत्री अशोक चौधरी खड़े हुए और उन्होंने कहा कि आप बड़े सदस्य हैं। महिला दिवस पर आज काम हो रहा है तो आप इस तरीके से बोलेंगे तो अच्छा नहीं लगेगा। आप उठकर बोलेंगे तो ज्यादा अच्छा रहेगा। इसके बाद रीना देवी उठी और रोने लगी। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले प्रदेश में शिक्षा की हालत खराब थी। इसलिए मैं ठीक से नहीं पढ़ पाई।

**पहले माहौल ठीक नहीं था:** जदयू एमएलसी रीना देवी ने मीडिया से विशेष बातचीत में कहा कि कल महिला दिवस हैं ऐसे में महिला सदस्य सबसे पहले अपनी बात रख रहे हैं। जब मेरी बारी आई तो मैंने सीएम की प्रशंसा में एक कविता पढ़ी। इस दौरान आरजेडी सदस्य अब्दुल बारी को मेरी बात पसंद नहीं आई और वे कहने लगे कि कुछ और कहो। कुछ इस तरह के शब्द उन्होंने कहे। इस पर हमारे मंत्री अशोक चौधरी ने आपत्ति जताई।

# अपने ही बोये 'आतंक के बीज से दहल उठा पाकिस्तान 2024 में हुई दुनिया की दूसरी सर्वाधिक आतंकी घटनाएं

**लोक तंत्र कीआवाज़**



**इस्लामाबाद।** दुनिया भर में आतंक फैलाने के लिए जाना जाने वाला पाकिस्तान अब अपने ही बुने जाल में फंस गया है। आतंकी का पनाहगाह बना ये देश अब खुद ही आतंक की आग में धधक रहा है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक (जीटीआई) 2025 की रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान में आतंकवाद बढ़ता जा रहा है जिससे यह वर्ष 2024 में दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में आतंकवाद से होने वाली मौतों में 45 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में 748 मौतों की तुलना में 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 1,081 हो गया। यह आकंड़े वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से मौत में सबसे तेज वृद्धि में से एक हैं।

पूर्व में इस सूचकांक में पाकिस्तान चौथे स्थान पर था। पाकिस्तान में आतंकी हमलों की संख्या भी वर्ष 2023 में 517 से बढ़कर 2024 में 1,099 हो गई। यह संख्या पहली बार 1,000 का आंकड़ा पार कर गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान लंबे समय से यह दावा करता रहा है कि प्रतिबंधित तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान में हमले करने के लिए कर रहे हैं। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि पाकिस्तान में आतंकवाद में बढ़ोतरी और काबुल में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बीच महत्वपूर्ण संबंध है।

**टीटीपी सबसे घातक आतंकी समूह:** रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान में सक्रिय आतंकवादी गुटों ने विशेष रूप से पाकिस्तान–अफगानिस्तान सीमा पर अपने हमले तेज किए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि टीटीपी देश में सबसे घातक आतंकवादी समूह बना हुआ है जो आतंकवाद से संबंधित सभी मौतों में से 52 फीसदी के लिए जिम्मेदार है।

# सीरिया में फिर हुई खूनी जंग तेज, पूर्व राष्ट्रपति असद के समर्थकों के हमले में 13 पुलिस अधिकारियों की मौत

**लोक तंत्र की आवाज़**



**दमिश्क (सीरिया)।** सीरिया में फिर खूनी जंग तेज हो गई है। जबलेह शहर में बंदूकधारियों ने बृहस्पतिवार को सीरियाई पुलिस गश्त दल पर घात लगाकर बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम 13 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। हमला ऐसे समय में हुआ है जब सीरिया के जबलेह क्षेत्र में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के लोगों और इस्लामी संगठनों के बीच तनाव तेज है।

बता दें कि दिसंबर की शुरुआत में इस्लामवादी हयात तहरीर अल–शाम के नेतृत्व में विद्रोही समूहों ने असद शासन का तख्तापलट कर दिया था। ब्रिटेन के मानवाधिकार संगठन 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने बताया कि लताकिया शहर के पास जबलेह शहर में घात लगाकर किए गए हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए। निगरानी समूह के प्रमुख रामी अब्दुर्रहमान ने कहा कि पुलिस बल पर अलावी समुदाय के लोगों ने घात लगा कर हमला किया। अब्दुर्रहमान ने कहा, ''शासन के पतन के बाद से ये सबसे अधिक हिंसक झड़प हैं।'' दमिश्क में एक स्थानीय अधिकारी ने 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि घात लगाकर किए गए हमले में 'जनरल सिक्योरिटी डायरेक्टरेट' के 13 सदस्य मारे गए।

**अल–जजीरा का पत्रकार भी हमले में घायल:** अरब में प्रसारित होने वाले टेलीविजन चैनल 'अल–जजीरा' ने कहा कि उसके कैमरामैन रियाद अल–हुसैन संघर्ष को कवर करते समय घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने बताया कि अधिकारियों ने पास के शहर टार्टस में 12 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया है। सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए क्षेत्र में बड़ी संख्या में अतिरिक्त बल भेजा जा रहा है। स्थानीय मीडिया ने सुरक्षा अधिकारी साजिद अल–दीक के हवाले से कहा कि स्थिति नियंत्रण में है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बच्चों के झगड़े में दो पक्षों के बीच मारपीट, 12 नामजद

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव में बुधवार को बच्चों के बीच हुए झगड़े को लेकर दोनों पक्षों के तरफ से जमकर मारपीट हुई। घटना में तीन लोग जख्मी हो गए।दोनों ओर से अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कर 12 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इस बाबत मो. हैदर की पत्नी नसीमा खातून के आवेदन पर पड़ोसी मो. छोटू, मो. शाहीद, रानी खातून, मो. मोनू व इस्माइल मियां की पत्नी समेत नालंदा जिला के बिहार शरीफ कटरापर निवासी मो रिंकू जो फिलवक्त मकनपुर गांव में रह रहा है को आरोपित बनाया गया है।प्राथमिकी में कहा गया है कि बच्चों के बीच झगड़े को ले आरोपितों द्वारा घर पर चढ़ कर बेवजह मारपीट की गई।दूसरी ओर ग्रामीण असरफ मियां के आवेदन पर जिले के रजौली के निसार मियां, गाजा आलम,शबनम खातून के अलावा मकनपुर ग्रामीण तोहर मियां की पत्नी नदीमा खातून एवं मो. मुश्तक को आरोपी बनाया है।पीड़ित ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि बच्चे के बीच हुए झगड़े को ले बाहरी लोगों को बुलाकर घर में घुस मारपीट की गई। इस क्रम में तीन लोग जख्मी हो गए।

### झारखंड पुलिस ने आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के कठोकरी गांव में झारखंड राज्य के बरोरा थाना की पुलिस ने बलवीर यादव के फरार पुत्र प्रमोद यादव के घर इश्तेहार चिपकाया है।बरोरा थाना के एसआई अशोक कुमार ने बताया कि बरोरा गांव निवासी रामस्वरूप भारती की पुत्री कंचन भारती द्वारा एक अगस्त 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पीड़िता की शादी प्रमोद यादव के साथ 29 अप्रैल 2015 को उचित दान दहेज देकर हुई थी।शादी के बाद जब पीड़िता के भाई बहन की बिदाई के लिए बरोरा पहुंचे, तब अधिक दहेज के रूप में पांच लाख रूपये की मांग की गई। मांगी गई रकम देने से इंकार करने पर पीड़िता के साथ मारपीट की गई और उसका वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी गई। साथ ही दूसरी शादी करने की भी बात कही गई। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार प्रमोद द्वारा 10 जून 2022 को दूसरी शादी भी कर ली गई। बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद प्रमोद सहित अन्य आरोपित फरार चल रहे थे। अभियुक्तों के फरार रहने के बाद धनबाद न्यायालय के प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया था, जिसे गुरुवार को चिपकाया गया।

### बजट के विरुद्ध भाकपा माले का रोषपूर्ण प्रदर्शन




**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** बिहार बजट के विरुद्ध सीपीआई (एमएल) तथा भाकपा माले का तीन दिवसीय राज्यव्यापी प्रतिवाद के तहत वारिसलीगंज प्रखंड मुख्यालय पर गुरुवार को मजदूरों ने प्रदर्शन मार्च किया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने बजट के विरुद्ध स्लोगन लिखी तख्तियों को एक हाथ में जबकि लाल झंडा दूसरे हाथ में लेकर बाजार की मुख्य सड़कों पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ भाकपा कार्यकर्ता प्रमोद कुमार यादव एवं अर्जुन पासवान ने किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पेश बजट पूर्णतः गरीब जनविरोधी व दिशाहीन है। बिहार बजट की प्रतियां विधानसभा में जला कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। बजट का विरोध में प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार नारा बुलंद करते हुए कह रहे थे। सरकार को गरीबों, पिछड़ों व एससी/एसटी के लिए 65 फीसदी आरक्षण बहाल करना होगा। नारे के तहत जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। सुनिश्चित करने की मांग सरकार से की गयी। स्थानीय प्रखण्ड कार्यालय से करीब तीन दर्जन सीपीआई (एमएल) तथा भाकपा माले कार्यकर्ता प्रखंड मुख्यालय से झंडा बैनर के साथ बाजार में पदयात्रा कर गरीबो की विभिन्न मांगों का नारा बुलंद किया। कार्यक्रम में अधिकतर कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र के मजदूर तबके के लोग शामिल दिखे।

### पुलिस ने एक शराब कांड के आरोपी को पकड़ा

**नरहट।** स्थानीय थाना पुलिस ने कांड में फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ छापेमारी कर सिंदुयारी गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि नरहट थाना कांड संख्या 19/25 दिनांक 20/1/25 धारा 30 एक्साइज़ एक्ट में प्राथमिकी अभियुक्त संदीप उर्फ संजीव राजवंशी उम्र 22 वर्ष पिता तिलक राजवंशी ग्राम सिंदुआरी थाना नरहट को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया।

# गया कॉलेज गया ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित सेमिनार

लोकतंत्र की आवाज़

**महिलाएं आज देश ही नहीं विदेशों में अपना परचम लहरा रही हमारे देश का राष्ट्रपति के रूप में भी महिलाएं प्रतिनिधित्व कर रही हैं: प्राचार्य**




**गया।** गया कॉलेज गया के राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया है ।इस कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र डॉ रिचा भारद्वाज, डॉ रुनु रवि, डॉ विभा कुमारी, डॉ प्रियंका राय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया है ! कार्यक्रम मे मंच संचालन गया कॉलेज गया के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ने की! अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय परिवार की ओर से अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ के द्वारा किया गया है ।! स्वागत भाषण में प्रधानाचार्य ने बतलाया कि आज का यह दिन महाविद्यालय परिवार महिलाओं के लिए आयोजित किया है यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम पूरे हर्षोल्लास से महिला दिवस का आयोजन कर रहे हैं। जिसमें हमारे महाविद्यालय के शिक्षिकाएं एवं शहर की प्रतिष्ठित डॉ रिचा हम सबों के बीच मौजूद हैं महिलाएं आज देश ही नहीं विदेशों में अपना परचम लहरा रही हमारे देश का राष्ट्रपति के रूप में भी महिलाएं प्रतिनिधित्व कर रही हैं आज के मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर रिचा भारद्वाज जो की स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ हैं उन्होंने लड़कियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम किसी से काम नहीं है और समाज की रीढ़ भी हैं हमारी इच्छा प्रबल होनी चाहिए हम कुछ भी करने को सक्षम हैं महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका का डॉक्टर रुनु रवि ने कहा कि महिलाएं आज पुरुषों से कम से कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं महिलाएं ओलंपिक में लगातार भारत को मेडल दिला रही हैं वही इग्नू की कोऑर्डिनेटर भूगोल की विभाग अध्यक्ष डॉ विभा सिंह ने कहा कि आज महिलाएं सेना का भी प्रतिनिधित्व कर रही है जो सी हमारे देश की रक्षा में बॉर्डर पर संघर्ष कर रहे हैं इससे बड़ी बात क्या हो सकती है वही डॉ प्रियंका राय ने कहा कि आज महाविद्यालय के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता जिसका विषय लैंगिक समानता और स्त्री सशक्तिकरण चुनौतियां एवं संभावनाएं हैं ।भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हिंदी विभाग की टिंकल रक्षिता द्वितीय पुरस्कार शिवानी कुमारी हिंदी विभाग तृतीय पुरस्कार अंग्रेजी विभाग की नंदनी कुमारी को एवं सांत्वना पुरस्कार वाणिज्य विभाग के अविनाश



कुमार को दिया गया है ।वहीं रंगोली प्रतियोगिता में नंदिनी को प्रथम खुशी को द्वितीय एवं पल्लवी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया है ।धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग की डॉ सोनू अन्नपूर्णा के द्वारा किया गया है।आज के कार्यक्रम में डॉक्टर रवि कुमार, डॉ रामदेव प्रसाद, डॉ तलत आफरीन ,डॉ मारकंडे पांडे, डॉ पंकज भारती, डॉ अंबरीश नारायण, डॉ ऋचा त्रिपाठी डॉ, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनीष प्रताप सिंह महासचिव संतोष कुमार सिंह ,भूपेंद्र सिंह, नीरज सिंह ,सत्यम सौरभ सदरे आलम सहित सहित छात्र-छात्राओं में हिस्सा लिया है।

# होली के जुगाड़ में 53 बोतल विदेशी शराब के साथ बस से सफर कर रहे पांच लोग गिरफ्तार, भेजे गए जेल

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर शराब के साथ पार होना लोगों के लिए मुश्किल ही नहीं,बल्कि नामुमकिन है।इसके बावजूद झारखंड एवं अन्य जगहों से होली में अपने घरों को जाने वाले लोग शराब के साथ गिरफ्तार हो रहे हैं।बस में सवार रहे होली के जुगाड़ में जुटे लोगों को लगता है कि वे एक-दो बोतल शराब लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों को चकमा देकर आसानी से निकल जाएंगे, लेकिन उत्पाद बलों की सूझ-बुझ के आगे उनका जुगाड धराशाही हो जा रहा है। शुक्रवार को विभिन्न यात्री बसों से उत्पाद बलों ने विभिन्न पांच लोगों के पास से कुल 57 बोतल विदेशी शराब को जब्त किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध एवं होली को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद एसआई बब्लू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है।इस दौरान उत्पाद एएसआई अंकित कुमार ने झारखंड की ओर से आ रही रौशन ट्रेवल्स संख्या बीआर31जीबी1011 पर सवार समस्तीपुर के अरविंदा मुखिया को एक बोतल रॉयल चैलेंज नामक विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।वहीं ओम श्री बस संख्या डब्लूबी41के1567 पर सवार कोडरमा के रूपेश कुमार को 375 एमएल वाले एक बोतल ऑफिसर चॉइस नामक विदेशी शराब एवं कलकत्ता के पिंटू शर्मा को 750 एमएल वाले एक बोतल मेक



डवेल नामक विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।वहीं दूसरी ओर जय माता दी बस संख्या बीआर27पी2121 पर सवार नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के बड़ेसरा गांव निवासी गोरेलाल यादव के पुत्र सुमन कुमार को 53 बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार युवक द्वारा बताया गया कि वह कोडरमा से शराब खरीदकर बेचने के लिए ले जा रहा था। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई सौरभ कुमार ने दयान बस संख्या डब्लूबी53बी7392 पर सवार कलकत्ता के हजारी लाल साव को 750 एमएल वाले एक बोतल रॉयल स्टेज नामक विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं सभी गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच कर मौके पर उत्पाद सिपाही एवं गृहरक्षक के जवान शामिल थे।

# जो कर्म आप कर रहे हैं जिसका वेद में चर्चा नही है वह अधर्म है: स्वामी प्रभंजनानन्द

लोक तंत्र कीआवाज

**नरहट।** जो कर्म आप कर रहे हैं जिसका वेद में चर्चा नही है वह अधर्म है। पूजा प्रद्धति वही करो जो परम्परा से चली आ रही है। उक्त बातें बनिया बदलपुर दुर्गा मंडप के मैदान में आयोजित श्री सीता राम महायज्ञ में प्रवचन के दौरान स्वामी प्रभंजनानन्द जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के साथ छेड़ छाड़ किया गया है। आज जो बली प्रथा है। लोग दुर्गा जी देवी जी के पास बली दे रहे हैं। बली प्रथा हमारे यहां नही है। मां सब के लिए है। मां के लिए सब बराबर है। क्या मनुष्य ही उसकी सन्तान है। नही, उसकी संतान तो चराचर जीव है। क्या बकरा उसकी संतान नही है। हमारे धर्म में हिंसा की परंपरा नही है। मुगलकाल में हमारे शास्त्रों के साथ छेड़छाड़ की गई है। मुगलों ने हमारे मंदिरों को तोड़ा। हिंदू से मुसलमान बना दिया। जगहों का नाम बदल दिया। हमारे धर्म ग्रन्थ में गंगा लिखा है, सरस्वती लिखा है। प्रयागराज, अयोध्या लिखा है। कहाँ तुम्हारे धर्म ग्रन्थों में लिखा हुआ है। नालन्दा विश्वविद्यालय को जला कर रख दिया। औरंगजेब ने हिदुओं के ऊपर बहुत अत्याचार किया। महाराज शिवाजी के साथ कितना बर्बरता किया। कितनों के साथ ऐसी बर्बरता किया है। गंगा यमुना तहजीब क्या है। गंगा भी हमारा और यमुना भी हमारा है। क्या है गंगा यमुना तहजीब। बाम पंथी विचार धरा वाले हमारे धर्म धर्म को तोड़ मरोड़ कर दिखाया है। स्वामी जी ने भगवान श्री राम की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान श्री राम अंतिम व्यक्ति तक पहुच कर उन्हें गले से लगते हैं, चाहे केवट, निषाद, कोल भील, सबरी हो चाहे पशु पक्षि सब को ह्रदय से लगते हैं। उपस्थित श्रद्धलुओं को भगवान श्रीराम के बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। स्वामी जी ने बीच बीच में भजन की प्रस्तुति देकर श्रद्धालु भक्तों को खूब झुमाया।

# दहेज देने के बावजूद विवाहिता का 06 माह के अंदर हुई हत्या

लोक तंत्र कीआवाज





**● परिजनों ने लगाया आरोप , कहा- 05 लाख की डिमांड पूरी नहीं हुई तो गला दबाकर कर दिया हत्या**

**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा में महज 05 लाख का डिमांड पूरी नहीं हुई ,तो ससुराल वालों ने 06 माह के अंदर प्रताड़ित कर विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दिया गया है. यह आरोप मृतका के परिजन द्वारा थाने में लिखित आवेदन देकर लगाया गया है. यह घटना नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के बगसंडा गांव निवासी देवेंद्र सिंह ने लगाया है, जहां उन्होंने जमुई थाना क्षेत्र में अपनी बेटी की हत्या का आरोप बेटी के ससुराल वालों पर लगाकर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मृतका की मां पिंकी देवी पति द्रवेश सिंह ग्राम बक्संडा थाना अकबरपुर जिला नवादा का स्थायी निवासी हैं .उन्होंने कहा मेरी पुत्री तनु कुमारी का विवाह प्रिंस कुमार पिता विद्याभूषण सिंह ग्राम बनार धान्य चंद्रदीप जिला जमुई से 23 दिसंबर 2023 को हुई थी। जिसमें हमलोग ने अपने ओकात से अधिक और लड़के पक्ष के अनुरूप 20 लाख (90 ग्राम) सोने का आभूषण दिया था। उन्होंने बताया कि शादी के छह महीने बाद ही मेरी पुत्री के साथ मारपीट एवं प्रताड़ित करने लगे, जबकि इसकी सूचना हमलोग को मिला तो लड़के पक्ष के सदस्यों ने बताया कि रांची में जमीन खरीदना है. जिसके लिए हमें और पांच लाख रुपए चाहिए. तब हमें लड़के के पिता विद्याभूषण सिंह से बात किए और अपने स्थिति एवं परिस्थिति से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि हमारी औकात नहीं है. जिस पर प्रिंस कुमार उसी समय घर से गुस्सा होकर जाने लगे। तब मैं अपने सगा संबंधी से तत्काल 50 हजार रुपए कर्ज लेकर उन्हें नगद दिया। पिता ने न्याय की लगायी गुहार : पीड़ित के पिता ने कहा कि पांच मार्च 2025 को समय 11 बजे पता चला कि मेरी पुत्री तनु कुमारी को उसके ससुराल वाले प्रिंस कुमार, सास सुनीता देवी, ससुर विद्याभूषण सिंह, देवर मनीष कुमार और नीतीश कुमार दोनों बनार थाना चंद्रदीप जिला जमुई ने गला दबाकर हत्या कर दिया. जिसकी सूचना हमें तनु कुमारी के ससुराल वालों को दिया। साथ ही हमने तुरंत इसकी सूचना थाना को दिया. जिस पर थाना कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर तुरंत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पिता ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि इन सभी पांचों आरोपियों को धनार थाना चंद्रदीप जिला जमुई पर कानूनी कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

# वैश्य समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन: राजू बरनवाल

लोकतंत्र की आवाज़

**सामाजिक एकता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न आयोजन करने का निर्णय लिया : राजू बरनवाल**



**गया ।** बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह को लेकर बोधगया के एक निजी होटल में बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल के नेतृत्व में एक बैठक आहूत की गई है। इसमें गया जिले के सभी वैश्य समाज के जिला अध्यक्षों ने हिस्सा लिया और आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई है।इस बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वैश्य समाज के सामाजिक एकता हेतु सामूहिक रूप से आगामी दिनांक 09-03-2025 क़ो द बोधि पैलेस रिजॉर्ट एंड होटल, बोधगया में वैश्य होली मिलन समारोह का आयोजन होने जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर गया लोकसभा के लोकप्रिय सांसद व भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की उपस्थिति रहेगी एवं कार्यक्रम के आयोजक व स्वागताध्यक्ष बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल के द्वारा होना तय हुआ है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह समारोह 09 मार्च रविवार को होगा।इस बैठक के दौरान राजू बरनवाल ने कहा कि इसमें होली मिलन समारोह की रूपरेखा तय की गयी है।इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न आयोजन करने का निर्णय लिया गया है, यह निर्णय भी लिया गया कि समाज के अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। इस बैठक में सुबोध बरनवाल , प्रेम प्रकाश पवन , राकेश कुमार, जितेंद्र बरनवाल, बैजनाथ बरनवाल, बंटी बरनवाल, संतोष बरनवाल, शत्रुघ्न भदानी सहित लोगों की उपस्थिति रही है।

# रजौली : एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी ने दो बाइक चोर एवं चोरी के 6 बाइकों को किया बरामद

लोकतंत्र की आवाज




**● अंतरजिला बाइक चोर गिरोह के विरुद्ध पुलिस लगातार कर रही कार्रवाई: एसडीपीओ गुलशन कुमार**

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली ।** अनुमंडल क्षेत्र में बाइक की चोरी की घटनाओं को लेकर एसपी नवादा अभिनव धीमान के निर्देश पर गठित एसआईटी की टीम ने दो बाइक चोर के साथ 6 चोरी के बाइकों को जब्त किया है।एसडीपीओ गुलशन कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में बाइक की चोरी की घटना एवं चोरी की बाइकों का इस्तेमाल अवैध कार्यों में किये जाने की सूचना लगातार मिल रही थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर सिरदला थानाध्यक्ष संजीत राम के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया,जो बाइकों की चोरी एवं बाइक चोर गिरोह पर काम कर रहा था। गुरुवार को एसआईटी टीम को सूचना मिली कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल से सिरदला बाजार से बहुआरा गांव जाने वाला है।गुप्त सूचना के आलोक में गुप्तचर एवं पुलिस बल सक्रिय हो गए।इस दौरान सिरदला बाजार से चोरी के एक बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार युवक की पहचान अमावां के दरियापुर गांव निवासी नवलेश प्रसाद के पुत्र सागर कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक को थाना लाकर सघन पूछताछ की गई।गिरफ्तार युवक से पूछताछ एवं अन्य सूचनाओं के सत्यापन के बाद एक अन्य अभियुक्त गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के छोटकी नगमा गांव निवासी राजेंद्र चौधरी के पुत्र संतोष चौधरी को गिरफ्तार किया गया।एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार बाइक चोरों के निशानदेही पर पांच अन्य चोरी के बाइकों को बरामद किया गया है।वहीं अंतरजिला बाइक चोर गिरोह के अन्य सदस्यों के गिरफ्तारी को लेकर एसआईटी टीम अग्रतर कार्रवाई में जुटी है।फिलहाल सिरदला पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई सराहनीय है।एसडीपीओ ने कहा कि दोनों गिरफ्तार अभियुक्त को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# सिविल सर्जन नवादा के बड़े-बड़े दावे साबित हो रहे खोखले, अनुमंडलीय अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्था से लोगों में रोष

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** मुख्यालय के 75 शैया अनुमंडलीय अस्पताल अपनी कमियों के कारण शुरुआती दौर से ही सुर्खियों में रही है।बीते चार वर्षों से अस्पताल का नाममात्र जिम्मा बिना वित्तीय प्रभार के डॉ. दिलीप कुमार को बनाया गया है,जिससे अस्पताल के संचालन में काफी परेशानी हो रही है।अस्पताल में चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के पद खाली पड़े हुए हैं।वहीं अस्पताल में पीकू की सुविधा ठप पड़ी हुई है। इसके बावजूद अनुमंडलीय अस्पताल को कागजों पर ट्रामा सेंटर बनाकर संचालन किया जा रहा है।अस्पताल में बीते दो-तीन माह पूर्व एक गर्भवती महिला का प्रसव करवाया गया,जिससे आसपास के लोगों में काफी उम्मीदें जगी,किंतु उसके बाद स्थिति पूर्ववत ही बनी हुई है।वहीं अस्पताल में बंध्याकरण कराने आई महिलाओं को भी आधारभूत सुविधा नहीं दी जाती है।

**बंध्याकरण कराने महिलाओं को आधारभूत सुविधा की कमी :** शुक्रवार को अनुमंडलीय अस्पताल में आसपास के क्षेत्रों के कुल 6 महिलाएं अपने परिजनों के साथ बंध्याकरण कराने पहुंची,जिनका सफल बंध्याकरण डॉ. अनुज कुमार के द्वारा किया गया।वहीं अस्पताल में मौजूद झिरझो गांव से आई कौशल्या देवी अपने मरीज कविता कुमारी,भाईजी भित्ता गांव से आई तेतरी देवी अपने मरीज सरिता कुमारी, बिजवन गांव से आये अजय कुमार अपने मरीज सरिता देवी,भुसडी गांव से



आई सुनीता देवी अपने मरीज आरती कुमारी व आशा ललिता देवी अपने मरीज रुक्मिणी देवी एवं अमावां गांव से आई आरती कुमारी अपने मरीज संगीता कुमारी के साथ मौजूद रहीं।परिजनों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा बेड पर चादर एवं कम्बल उपलब्ध नहीं कराया गया।वहीं परिजनों ने अपने घरों से गंदे बिस्तर एवं कम्बल को लाकर मरीज को ढांकते नजर आए।बंध्याकरण के बाद अस्पताल में साफ-सफाई का कोई ध्यान नहीं रखा गया,जबकि गंदगी के कारण मरीजों में संक्रमण फैलने के संभावना प्रबल रहती है।


**जीविका दीदी को मिली है साफ-सफाई का जिम्मा,फिर भी नहीं सुधरे हालात :** अनुमंडलीय अस्पताल में बीते लगभग आठ-दस महीनों से रसोई एवं बेड पर बिछने वाले चादरों की साफ-सफाई का जिम्मा जीविका दीदी को सौंपा गया था।अस्पताल में जीविका दीदियों द्वारा रसोई का संचालन तो किया जा रहा है,किंतु चादरों की साफ-सफाई का काम अबतक शुरू नहीं किया गया है।इस कारणवश अस्पताल में आनेवाले मरीजों को या तो बिना चादर के बेड पर लेटना पड़ता है या तो उन्हें अपने घर से चादर एवं कम्बल आदि लाना पड़ता है।मरीजों के परिजनों ने बताया कि जीविका दीदी के हाथों में साफ-सफाई का जिम्मा गया है,तबसे स्थिति दयनीय है।इससे तो अच्छा अस्पताल प्रबंधन के द्वारा पूर्व में साफ-सुथरे बेड पर चादरों की व्यवस्था की जाती थी।

# पुलिस के साथ हाथापाई एवं जातिसूचक शब्दों के साथ दुर्व्यवहार करने वाला युवक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के करिगांव के एक युवक द्वारा पुलिस के साथ हाथापाई एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार करने वाले को पुलिस बलों द्वारा गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पुराने कांड में फरार चल रहे युवक को थाने में पदस्थापित पीटीसी जयप्रकाश चौधरी पुलिस बलों के साथ गिरफ्तार करने गई थी। लेकिन युवक द्वारा पुलिस पदाधिकारी के साथ हाथापाई किया गया एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया गया एवं पत्थरबाजी भी की गई।घटना के बाद पुलिस पदाधिकारी द्वारा लिखित आवेदन के आलोक में



प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार युवक की पहचान करिगांव निवासी अशोक सिंह उर्फ परमेश्वर सिंह के पुत्र रूपेश सिंह के रूप में हुई है। वही थानाध्यक्ष ने बताया कि कोर्ट द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में एसआई पिंकी कुमारी द्वारा दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार वारंटियों में हाथोचक गांव निवासी कैला यादव के पुत्र उदय यादव एवं गंगा बिगहा गांव निवासी देवकी यादव के पुत्र कुलेश्वर यादव शामिल है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तीनों लोगों को शुक्रवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# हरदोई : रजनीश त्रिपाठी ने कश्मीर में अनुच्छेद-370 और मीडिया पर शोध कार्य कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की

लोकतंत्र कीआवाज

**ब्यूरो रितेश मिश्रा**
हरदोई जिले की कटियारी के बाशिंदे रजनीश त्रिपाठी ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 और मीडिया पर शोध कार्य कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की ! पत्रकारिता में एम. ए. और एम. फिल. की उपाधि स्वर्ण पदक के साथ महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा महाराष्ट्र से उत्तीर्ण करने वाले रजनीश ने पत्रकारिता में यूजीसी की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को भी उत्तीर्ण किया है ! महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के मीडिया अध्ययन विभाग के पी-एच.डी. शोधार्थी रजनीश कुमार त्रिपाठी हरपालपुर विकास खंड के ग्राम सतौथा के निवासी और पेशे से शिक्षक देवेन्द्र त्रिपाठी के पुत्र है ! रजनीश ने ₹ अनुच्छेद 370 मुक्त कश्मीरः राष्ट्रीय प्रिंट मीडिया की भूमिका एवं प्रभाव का अध्ययन (दिल्ली से प्रकाशित दैनिक जागरण समाचार पत्र के विशेष संदर्भ )₹ विषय पर अपना शोध विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुनील दीपक घोडके के निर्देशन और हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्यामनंदन के सह निर्देशन मे पूर्ण किया है ! अकादमिक क्षेत्र में मीडिया अध्ययन की दृष्टि कश्मीर में अनुच्छेद 370 के समापन के बाद से यह प्रथम पीएचडी शोध कार्य है, जिसमें अनुच्छेद 370 उन्मूलन में मीडिया की भूमिका को रेखांकित किया गया है !



शोधार्थी को इस अध्ययन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रदान की जाने वाली डॉक्टरोल फेलोशिप भी प्राप्त हुई है ! आपको बताते चले कि मेधावी रजनीश इससे पूर्व 2 बार राष्ट्रपति से और एक बार राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं! रजनीश ने अकादमिक जगत में अपनी मेधा का परचम फहराते हुए दो दर्जन से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभाग कर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं और रजनीश 3 किताबों के लिए चैप्टर लिख चुके है ! रजनीश के कश्मीर और अनुच्छेद 370 , परम्परागत वेश्यावृत्ति, मीडिया और भाषा, कश्मीर और सिंधु सभ्यता विषयों पर सात शोध आलेख पियर रिव्यू जर्नल में प्रकाशित हो चुके है ! रजनीश के शोध कार्य का मूल्यांकन स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज, स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा विश्वविद्यालय, नांदेड़ महाराष्ट्र के प्रो. सुहास दुर्गेशराव पाठक और जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं नवीन मीडिया विभाग के प्रो. परमवीर सिंह ने किया ! अपनी स्कूली शिक्षा से बहुआयामी प्रतिभा के धनी रजनीश एनसीसी में सी सर्टिफिकेट और बेस्ट कैडेट रहे हैं, स्काउटिंग में राष्ट्रपति पुरूस्कार ,राष्ट्रीय बाल विज्ञानी पुरस्कार ,अटल बिहारी वाजपेयी श्रेष्ठ वक्ता पुरूस्कार ,नवीन जैन राष्ट्रीय वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेता, सरोजनी नायडू राष्ट्रीय वाक प्रतियोगिता के लगातार 4 वर्ष चैम्पियन सहित 200 से ज्यादा वाद विवाद और भाषण प्रतियोगिताओं के विजेता रजनीश की इस उपलब्धि पर सांसद श्री जय प्रकाश रावत, विधायक श्री माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, सीएसएन महाविद्यालय के राजनीति विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अखिलेश बाजपेयी, प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेश तिवारी, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री आशीष सिंह, बार एसोसिएशन सवायजपुर के पूर्व अध्यक्ष उदयराज सिंह, जिला पंचायत सदस्य राणा प्रताप सिंह हिमालय, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयोजक सचिन मिश्र समेत जिलेभर से सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त किया और रजनीश को शुभकामनाएं प्रेषित की है !

# जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न



लोकतंत्र की आवाज

**उरई जालौन ।** कलेक्ट्रेट सभागार, उरई में जिला पोषण समिति/कन्वर्जेंस विभाग की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण ट्रैकर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, हॉट-कुक्ड मील योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती में शासनादेश का पालन करते हुए जल्द से जल्द प्रक्रिया पूर्ण की जाए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। विकास खंड कुठौंद, कदौरा एवं माधौगढ़ में टेक-होम राशन फीडिंग कम पाए जाने पर संबंधित सीडीपीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी सीडीपीओ को अगले एक सप्ताह में आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित करने के आदेश दिए गए, जिसमें जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों और अधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सैम (तीव्र कुपोषित) एवं मैम (मध्यम कुपोषित) बच्चों को दुधारु गाय गोद दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री गौवंश सुपुर्दगी योजना के तहत जिन लाभार्थियों को दुधारु गाय दी गई है, उन्हें प्रतिमाह ₹1500 की सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में फरवरी 2025 में 18 बच्चों को भर्ती कराया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त परियोजनाओं से सैम श्रेणी के बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जाए। यदि निरीक्षण के दौरान एनआरसी में बच्चे भर्ती नहीं मिले तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश, जिला पंचायती राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज कुमार अवस्थी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएं, रमाकान्त दोहरे (पटल सहायक), ऋषभ पाण्डेय (डीसी) एवं आदर्श तिवारी (बीसी) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले गाड़ी चालकों पर हुई कार्रवाई



**पीयूष तिवारी**
**बेनीगंज/हरदोई।** पुलिस अधीक्षक हरदोई नीरज कुमार जादौन के दिशा निर्देश के अनुसार आज कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कुमार पंकज नेतृत्व में मय पुलिस बल के साथ नगर के बस स्टॉप पर संघन चेकिंग अभियान चलाया गया। दो पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालक हेलमेट न लगाने व दो से ज्यादा सवारियां गाड़ी पर सवार रजिस्ट्रेशन,बीमा,फिटनेस आदि कागज सही ना पाए जाने पर ई चालान काटे साथ में मोटरसाइकिल सीज की भी कार्रवाई की गई। प्रभारी ने गाड़ी चालकों से हेलमेट लगाए जाने की अपील की। नशे में गाड़ी ना चलाएं जिसको लेकर हिदायत भी दी। प्रभारी ने बताया परिवहन विभाग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन को पूर्णतया फॉलो करें गाड़ी चलाते समय लापरवाही ना भरते।

### सन्दिग्ध अवस्था में कक्षा 11 का छात्र गायब, परिजनों ने कोतवाली में दी सूचना

**ब्यूरो रितेश मिश्रा**
**कछौना, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम टाड़ाहार का छात्र वृहस्पतिवार से सन्दिग्ध अवस्था में गायब है। परिजनों ने पूरे मामले की सूचना कोतवाली कछौना को दी। पीड़ित पिता राजेंद्र पुत्र मकरंद निवासी टाड़ाहार खजोहना ने कोतवाली कछौना में सूचना दी कि उसका पुत्र अजय प्रताप उम्र 16 वर्ष कक्षा 11 का छात्र है,



एक प्राइवेट विद्यालय में पढ़ता है, वृहस्पतिवार की सुबह स्कूल के लिए साइकिल से निकला था, साइकिल मुसलमानाबाद चौराहे पर एक दुकानदार के यहां खड़ी कर दी, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो पर बैठकर खजोहना की तरफ चला गया, लेकिन स्कूल नहीं पहुंचा, काफी देर सांय तक घर वापस न पहुंचने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की। कछौना पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### बिजनौर : बिजली की लापरवाही से खम्भे की तान में करंट आने से भैंस की मौत



**रिपोर्ट महताब अहमद**
**मंडावर।** क्षेत्र के गांव गंजालपुर मे बिजली के करंट की चपेट मे आने से भैंस की हुई मौत। प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार की सुबह को गांव के सुशील कुमार पुत्र स्वरूप की भैंस जैसे ही पास मे खडे बिजली के खम्भे को रोकने वाली तान के पास मे आई तो उसमे करंट होने के कारण भैंस की मौके पर ही मौत हो गई ।गनीमत रही की गुरुवार को उसी खम्भे के आस पास मे एक शादी का कार्यक्रम था ।जिसमे कोई अनहोनी नहीं हुई। सूत्रों की माने तो कुछ दिनों के अंदर ही बिजली विभाग की लापरवाही के कारण कई हादसे मंडावर क्षेत्र मे हो गए है। गांव छकड़ा मे हाई टेंशन तार टूटने से लड़की की मौत दयालवाला मे भी हाई टेंशन का तार टुटा लेकिन हादसा होने से बच गया ।बिजली विभाग वाले गांव में पहुंचे पीड़ित भैंस स्वामी ने मुआवजे की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने आगामी त्योहारों को लेकर अधिकारियो के साथ करी बैठक

लोकतंत्र की आवाज़

**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**
बिजनौर में आने वाले त्योहारों होली, रमजान और ईद उल फितर को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम जसजीत कौर ने की।डीएम ने सभी धर्मगुरुओं और प्रमुख नागरिकों से अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई कानून व्यवस्था या सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे, तो खुद हस्तक्षेप न करें। इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। प्रशासन मौके पर अधिकारियों को भेजकर समस्या का समाधान करेगा। जिला प्रशासन ने सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण और परंपरागत तरीके से मनाने का भरोसा दिलाया। डीएम ने लोगों से अपील की कि वे कोई ऐसा काम न करें, जिससे सांप्रदायिक माहौल या कानून व्यवस्था बिगड़े। सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों को साफ-सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। एसपी अभिषेक झा ने सभी धर्मों के धर्मगुरुओं के साथ विस्तृत चर्चा की। होली के जुलूस और रमजान ईद की तैयारियों पर बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक-दूसरे के धार्मिक रीति-रिवाजों का सम्मान करें। शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में एडीएम प्रशासन विनय कुमार सिंह, एएसपी शहरी संजीव वाजपेयी, एएसपी ग्रामीण राम अर्ज, सीएमओ डॉ. कौशलेंद्र सिंह समेत सभी एसडीएम, थाना प्रभारी और विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ महिला की मौके पर मौत

लोकतंत्र की आवाज

**पीयूष तिवारी**
बेनीगंज/कोतवाली कोतवाली क्षेत्र के संदांना मोड़ के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ महिला की मौके पर ही मौत बाइक चला रहे 22 वर्षीय बेटे देशराज को गंभीर चोटेंआयीं। घायल को उपचार हेतु सीएचसी कोथावां भेजा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस नें परिजनों की मौजूदगी मे पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला पर भेजा।मृतका के पुत्र रामसुत नें घटना की प्राथमिकी कोतवाली पर दर्ज करायी है। बताते चलें बघौली थाना क्षेत्र के अर्मी गांव निवासी शिवरानी 50 पत्नी स्वर्गीय जयचंद की पत्नी अपने बेटे देशराज के साथ बरौली बैंक से पैसे निकालने आयी थीं। लेकिन किसे पता था की मौत उसका इंतजार कर रही है। पैसे निकालने के बाद अपने




बेटे के साथ जैसे ही संदांना मोड़ के पास पहुंचे सामने से आरहे गिट्टी भरे ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से शिवरानी की मौके पर ही मौत हो गयी। वही बाइक चला रहा पुत्र देशराज गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर ट्राली रोड के किनारे खंदक में पलट गया मौका पाते ही ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटनास्थल मौके पर इकट्ठे लोगों मे से किसी ने घटना की सूचना कोतवाली बेनीगंज को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस नें शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला विच्छेदन गृह भेजा दुखद घटना से परिजनों मे कोहराम मच गया। वहीं आसपास के गांव से आए ग्रामीण इस दुखद हादसा देखकर दंग रह गए। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कोतवाली पहुंचे मृतका के पुत्र रामसुत नें घटना की प्राथमिकी दर्ज करायी है। महिला की मौके पर मौत हो गई है बेटे का उपचार चल रहा है ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है। अग्रिम विधिक करवाई की जा रही है।

# आपसी प्रेम सद्भाव से मनायें होली व ईद: थानाध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट रोहित कुमार**
नजीबाबाद मंडावली राम प्रताप सिंह थाना अध्यक्ष ने क्षेत्र की गणमान्य नागरिकों की थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्र वासियों से रमजान, होली व ईद उल फितर का त्योहार आपसी प्रेम से मनाने का आह्वान किया उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी नई परंपरा को शुरू करने की बिल्कुल भी छूट नहीं है भारत त्योहार और मेलों का देश है अनेक पर्व त्यौहार आते हैं जिन्हें मिलकर सभी क्षेत्रवासी एक साथ मनाते हैं इस बार भी सभी क्षेत्रवासी पवित्र त्योहार को आपसी सद्भाव व प्रेम के साथ परंपरागत ढंग से मनाएं क्षेत्र में कोई भी ऐसा कृत्य ना करें जिससे कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था को कोई दिक्कत या परेशानी का सामना पड़े उन्होंने कहा कि त्योहारों में किसी भी तरह का उत्पात करने वाले से शक्ति के साथ निपटा जाएगा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि पूर्व



की भांति इस बार भी होली और रमजान एक साथ-साथ चल रहे हैं हम सबको आपस में मिलकर यह त्यौहार मनाने है हमारा क्षेत्र बहुत ही शांतिक्रिया क्षेत्र है सभी लोग एक दूसरे के त्योहारों को मिलकर मनाते चले आ रहे हैं इस वर्ष भी इस प्रेम से सारे त्योहार मनाए भाजपा नेता रितेश सैन महाशिवरात्रि के पर्व पर लाखों शिव भक्त कावरियो की यात्रा सकुशल संपन्न कराने में क्षेत्र के सभी सभ्रान्त नागरिकों पुलिस प्रशासन के द्वारा किए गए सहयोग की सहन करते हुए अपील की कि आगामी त्यौहार एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखते हुए मने इस अवसर पर एस एस आई योगेंद्र सिंह, लखनपाल सिंह, देशवाल सिंह, अनुज चौधरी, अंकित कुमार, पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, पूर्व सदस्य जिला पंचायत हाजी नसीम अंसारी, बुनियाद अली अंसारी, मौ माजिद, शहाबुद्दीन मकरानी, विपिन त्यागी, पुखराज सिंह चौहान, सतीश प्रजापति, राकेश प्रजापति, दिलीप कुमार बौद्ध, इरफान अहमद, मुस्तकीम अहमद, राजवीर सिंह, सरफराज खान, ध्यान सिंह, सुभाष चंद्र, गजेन्द्र मलिक, जोगराज सिंह, भाजपा नेता सुमित गुर्जर, बबलू प्रजापति, फरीद अहमद, इंजी सादाब हैदर, मनोज राठी, मुस्तकीम अहमद, दीपक कुमार, चंकिल तोमर, आदि उपस्थित रहे।

# बाल श्रम रोकथाम को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक, 17 मार्च से विशेष अभियान शुरू

लोक तंत्र की आवाज

**उरई जालौन ।** श्रम रोकथाम को लेकर जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में ईंट भट्टों की जांच से लेकर स्कूलों में ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान और पुनः नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया ।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी ईंट भट्टों की गहन जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही, मुख्य चिकित्साधिकारी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि रेस्क्यू किए गए बच्चों की आयु का परीक्षण उसी दिन किया जाए, ताकि उनके पुनर्वास की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सके। जिला




बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्कूलों में एक माह से अधिक समय से अनुपस्थित बच्चों की जांच की जाए और तुरंत इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। बाल श्रम उन्मूलन के लिए 17 मार्च 2025 से 31 मार्च 2025 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें स्कूलों में वापस लाने और अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जाएगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश, जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी जगदीश वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# रगोली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नाबार्ड और परमार्थ संस्थान ने किया महिलाओं के योगदान का सम्मान

लोक तंत्र की आवाज

**उरई जालौन ।** उरई के रगोली, में परमार्थ समाज सेवी संस्था द्वारा अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिला जालौन के ग्राम रगोली में नाबार्ड सहायतित जलागम विकास परियोजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। परमार्थ समाज सेवी संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग आधा सैकड़ा महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन संस्था निदेशक श्री अनिल सिंह ने किया। उन्होंने महिलाओं से दो संकल्प लेने का आग्रह किया–पहला, ₹होली पर एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर हर कदम पर सहयोग करने का प्रण लें₹ और दूसरा, ₹न हिंसा करेंगे, न करने देंगे।₹ उन्होंने इसे महिलाओं की एकता और शांति का प्रतीक बताया। डीडीएम नाबार्ड श्री परितोष कुमार जी ने कहा, ₹नाबार्ड महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और जलागम विकास में महिलाओं का योगदान अद्वितीय है। रगोली गांव की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने हमें यहां आने के लिए प्रेरित किया। नाबार्ड सहायतित जलागम परियोजना न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा देती है, बल्कि महिला स्वावलंबन को भी सशक्त करती है।₹ कार्यक्रम में माया देवी, प्राथमिक विद्यालय रगोली की अध्यापिका, ने महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते



हुए कहा, ₹महिलाओं के बिना समाज अधूरा है। कोई भी व्यक्ति महिला के सहयोग के बिना अपनी भूमिका सही तरीके से नहीं निभा सकता।₹ इसी क्रम में प्रधानाचार्य श्री रविंद्र ने कहा, ₹आज बच्चियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। ग्रामीण समाज को अपनी सोच बदलनी होगी, ताकि महिलाओं और बच्चियों को समान अवसर मिल सके और कम उम्र में शादी जैसी प्रथाओं का उन्मूलन किया जा सके।₹ इसके आलावा ग्रामवासी महिला सुषमा पाल ने महिलाओं की आजादी को लेकर एक गीत गया । कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आरती राठौर ने कहा, ₹महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। महिला दिवस और जन औषधि दिवस महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का विशेष अवसर है।₹ परमार्थ संस्थान की वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता रागिनी दीक्षित, प्रभा सिंह एवं ममता गुप्ता ने प्रेरणादायक गीत ₹ऐसी नारी न भारत के खंड-खंड में, जन्म दईयो विधाता बुंदेलखंड में₹ प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। यह आयोजन महिलाओं के योगदान और उनकी शक्ति को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। कार्यक्रम में भाग लेने वाली लगभग 150 से अधिक महिलाओं ने समाज में अपनी भूमिका को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने एस डी एम की मौजूदगी मे खाद्य, पदार्थ व पेय पदार्थों के भरे सैंपल

लोक तंत्र की आवाज

**उरई ।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ०प्र० लखनऊ व जिलाधिकारी जालौन के निर्देश के क्रम में आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री विनय कुमार मौर्या उपजिलाधिकारी जालौन के नेतृत्व में डॉ0 जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त खाद्य, प्रेम कुमार त्रिपाठी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अनिल कुमार शंखवार, कन्हैयालाल यादव, महेश प्रसाद, सुनील कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील जालौन के देवनगर चैराहा स्थित देवांशु अग्रवाल के परिसर से



खाद्य पदार्थ पनीर व नमकीन का नमूना संग्रहित किया गया, हरीपुरा जालौन स्थित सन्तोष कुमार पोरवाल के परिसर से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना, पनीर का नमूना, बेसन का नमूना, मिश्रित दूध का नमूना संग्रहित किया गया। सब्जी मण्डी जालौन स्थित सुरेश चन्द्र राठौर के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सरसों का तेल का नमूना संग्रहित किया गया। ज्वालागंज स्थित अरविन्द चैरसिया के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ कचरी व नमकीन का नमूना लिया गया व 10 बोरी कचरी को सीज किया गया। ज्वालागंज स्थित प्रमोद कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सरसों का तेल का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ-सफाई हेतु निर्देश जारी किये गये एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ की ब्रिकी हेतु जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पीरपैंती में गेहूं अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के कीर्तनीय पंचायत में गेहूं अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया। भागलपुर खाद्य निगम के मंडल प्रबंधक संत नवनीत राणा जहां ने बताया कि सरकार के द्वारा निर्धारित गेहूं का मूल 2425 रुपया प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है ।उन्होंने किसानों का अनुरोध किया कि आप अपना गेहूं केंद्र पर लाए। आपका उचित नापतोल करके गेहूं खरीदा जाएगा। ग्राहक को बोर भी नहीं देना है ।बोर भी सरकार देगी। इसके लिए किसानों को किसान पंजीकरण, बैंक का पासबुक इत्यादि सम्मिलित करना है ।उसके बाद 24 घंटे के अंदर किसान के खाते में सीधा राशि भेजी जाएगी । मुखिया प्रतिनिधि कीर्तनीय पंचायत , सह सांसद प्रतिनिधि झुंपा सिंह ने बताया कि इस योजना का लाभ किसान अधिक से अधिक उठाएं ।भागलपुर जिला से आए हुए पदाधिकारी ने बताया कि इससे किसानों को उचित लाभ मिलेगा। नापतोल में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं की जाएगी। इसका केंद्र पकड़िया मोड पर फोरलेन के बगल में अविनाश महतो उर्फ बबलू महतो के घर पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। पूरे भागलपुर जिले में दूसरा केंद्र है। इस योजना का लाभ अधिक से अधिक किसान उठाए।

### बचपन से ही किसानों की सेवा करने का था लक्ष्य - आनंद



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती/कहलगांव । राष्ट्रीय उच्च विद्यालय सनोखर हाट के सेवानिवृत शिक्षक सनोखर निवासी सरयू प्रसाद दास के पौत्र आनंद कुमार का चयन बीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में 55 वाँ रैंक के साथ प्रखंड उद्यान पदाधिकारी के पद पर हुआ। आनंद के पिता अनिल कुमार एलआईसी एजेंट एवं माता रुबी कुमारी गृहिणी है । परीक्षा परिणाम के साथ ही माता – पिता एवं परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। आनंद की प्रारंभिक पढ़ाई कहलगांव स्थित गुरु कृपा अकादमी से हुई एवं उड़ीसा कृषि विश्वविद्यालय से उद्यान विषय से स्नातक की डिग्री प्राप्त किया । आनंद के चाचा शिक्षक अजीत कुमार एवं धौरेया में मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी पद पर कार्यरत अजय कुमार ने बताया कि बचपन से ही आनंद का प्रदर्शन पढ़ाई में अव्वल रहा और पढ़ाई के साथ – साथ कृषि कार्य में उनकी विशेष रुचि थी । बातचीत के दौरान आनंद कुमार ने कहा कि कृषि प्रधान राज्य बिहार में जन्म लेकर कृषि विभाग में कार्य करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है ।कृषि में नए – नए तकनीकों को किसानों तक पहुँचाकर उनकी सेवा करना मेरे बचपन का लक्ष्य था । परीक्षा परिणाम जारी होते ही सोशल मीडिया के माध्यम से स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ–साथ क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने आनंद एवं उनके पूरे परिवार को सनोखर क्षेत्र को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दिया। शिक्षक अर्जुन केशरी ने कहा कि आनंद के चयन से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।

### विधायक ने सदन में उठाया मामला, राजमहल मानिकचक के बीच हो गंगा पुल का निर्माण

लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
बरहरवा। राजमहल विधानसभा के विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधानसभा में सदन की कार्रवाई के दौरान झारखंड से पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली गंगा नदी पर राजमहल मानिकचक रेल सह सड़क गंगा पुल निर्माण को लेकर मामला को सदन में उठाया. उन्होंने कहा कि झारखंड को पश्चिम बंगाल से जोड़ने वाली एकमात्र राजमहल में रेल सह सड़क गंगा पुल का निर्माण हो सकता है सदन के माध्यम से उन्होंने मांग किया कि इस दिशा में सकारात्मक पहल हो. यह फूल झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के साथ–साथ नॉर्थ ईस्ट के लिए भी महत्वपूर्ण होगा इसके माध्यम से जहां रेल आवागमन के मार्ग खुलेंगे वहीं सड़क के माध्यम से भी रोजगार सृजन के अवसर भी लोगों को प्राप्त होगा. ऐतिहासिक राजमहल जहां पर्यटक के काफी आसार है यहां तो कम्युनिकेशन नहीं रहने के कारण लोगों का आवागमन नहीं हो पता है फूलों के निर्माण से लोगों का आवागमन भी बढ़ेगा.

# बिहपुरः मोहर्रम कमेटी सदस्यों ने अतिक्रमण हटाने का दिया आवेदन

## सीओ लवकुश कुमार द्वारा कमेटी को मापी के लिए केई वार दे चुके हैं तारीख

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर । शुक्रवार को बिहपुर मोहर्रम कमेटी के सभी सदस्य एवं ग्रामीण द्वारा बिहपुर अंचल कार्यालय लवकुश को अतिक्रमण मुक्त को लेकर आवेदन देने पहुंचे थे।वहीं अंचल कार्यालय में सीओ नहीं थे। जब दूर भाषा पर लवकुश कुमार से संपर्क किया गया। तो उन्होंने मीटिंग का हवाला देते हुए बाहर बताया। वहीं आवेदन बिहपुर बीडिओ सत्यनारायण पंडित को दिया गया।

मोहर्रम कमेटी के जावेद खान ने बताया कि बिहपुर इमामबाड़ा एवं मंजिलगा के जमीनों को लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है।जिसको लेकर पूर्व में भी कई बार अंचलाधिकारी को आवेदन दिया गया ।लेकिन अंचलाधिकारी लवकुश द्वारा किसी प्रकार का पहल नहीं किया जा रहा है।जिसको लेकर शुक्रवार को ग्रामीण द्वारा अंचलाधिकारी का घेराव करने आ थें पर अंचलाधिकारी मिटींग का बात बताते हुए बाहर बताया।कमेटी के सदस्य मो. इबरार आलम ने कहा कि कुछ दिन पूर्व में ही बिहपुर इमामबाड़ा एवं मंजिलगा का अंचलाधिकारी के द्वारा छः मार्च को मापी होने की बात कही गई थी।वहीं कमेटी के सभी सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे लेकिन अंचलाधिकारी नहीं आए जिसको लेकर शुक्रवार ग्रामीणों में काफी आक्रोश बढ़ता चला गया। लेकिन अभी तक किसी प्रकार का पहला नहीं हुआ है।लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है।आखिर किया वजह है की अंचलाधिकारी अब तक किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया है ।



मौके पर मोहम्मद इरफान आलम, मोहर्रम कमेटी के सचिव मोहम्मद इबरार आलम ,जावेद खान, प्रवक्ता अहमद हुसैन मतवाला,खजांची मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद सद्दाम, मोहर्रम कमेटी का उपाध्यक्ष अजहरुद्दीन उर्फ अफरोज, उपाध्यक्ष शिक्षक वाजिद अली, मोहम्मद मुस्ताक, मोहम्मद फारूक, सांसतबरेज उर्फ सटी, मोहम्मद शाही, मोहम्मद आलम, मोहम्मद सरफराज, सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोटालपोखर में पेयजल आपूर्ति पुनः चालू करने के को लेकर आजसू ने सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी



लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
बरहरवा। प्रखंड क्षेत्र के कोटालपोखर पंचायत में जलमीनार पाइपलाइन द्वारा पेयजल आपूर्ति को सुचारु रूप से पुनः चालू करने को लेकर आजसू के बरहरवा प्रखंड सचिव प्रणव कुमार साह ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत महीने भर से कोटालपोखर पंचायत क्षेत्र में जलमीनार पाइपलाइन द्वारा पेयजल आपूर्ति अवरुद्ध है। जिसके कारण समस्त पंचायतवासी पेयजल की कमी से जूझ रहे हैं। गर्मी के दस्तक देते ही विभिन्न जलाशय एवं पेयजल के स्त्रोत जवाब दे रहे हैं।

ऐसे में जालमीनार पाइपलाइन द्वारा पेयजल आपूर्ति ही यहां के लोगों का सहारा है। लेकिन विभिन्न कारणों से विगत एक महीने से उक्त जालमीनार पाइपलाइन द्वारा पेयजल आपूर्ति अवरुद्ध है। और यह पहला मामला नहीं है जब पेयजल आपूर्ति किसी कारण बंद है।

इसके पूर्व भी हर वर्ष किसी न किसी कारण से पेयजल आपूर्ति बंद कर दिया जाता है। जिससे यहां के आवाम को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इससे पूर्व भी ज्ञापन के माध्यम से इस समस्या को लेकर विभाग अवगत करा समाधान की गुहार लगा चुके हैं। लेकिन अब तक उक्त समस्या का ठोस एवं स्थाई समाधान नहीं हो पाया है। यदि अभिलंब इस समस्या का समाधान नहीं किया गया और जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारू रूप से चालू नहीं किया गया तो आजसू पार्टी पंचायत के लोगों के साथ-साथ पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेगी।

## हनुमान-प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ में राजद नेता किशोर कुणाल हुए शामिल



लोकतंत्र की आवाज

जगदीशपुर। भोजपुर के जगदीशपुर हरिगाँव पंचायत के ग्राम इंगलिशपुर (दक्षिण) में आयोजित हनुमान-प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ में राजद युवा नेता किशोर कुणाल ने शामिल हुए। इस अवसर पर उन्हें आयोजकों द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। किशोर कुणाल ने भगवान से क्षेत्र के लोगों के लिए सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

उन्होंने यज्ञ के आयोजन के लिए इंगलिशपुर ग्राम के लोगों का आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर नरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, मदन चौबे, संतोष, धीरज, धनलाल, प्रकाश, अनिल और सर्वजीत सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा मांग पत्र, सदर व अनुमंडल अस्पताल में सृजित पद के अनुरूप हो चिकित्सक व कर्मियों का पदस्थापन : क्षेत्रिय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
बरहरवा। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को मांग पत्र सौंपते हुए राजमहल विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य व्यवस्था से अवगत कराया है. कहा है कि साहेबगंज जिला स्थित सदर अस्पताल साहेबगंज एवं अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में डॉक्टरो एवं मेडिकल स्टाफो की घोर कमी है. जिससे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है. साहेबगंज सदर अस्पताल में डॉक्टरो के कुल 40 स्वीकृत पद के स्थान में मात्र 10 डॉक्टर ही पदस्थापित है.जिससे लाखों की आबादी वाला साहेबगंज शहर को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है.

वही राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टरों के कुल 21 स्वीकृत पदो के स्थान पर मात्र 5 डॉक्टरों ही कार्यरत है.जिसमें एक भी विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है और न ही महिला डॉक्टर है. अस्पताल में प्रतिदिन प्रसव की संख्या लगभग 10 है. महिला विशेषज्ञ एवं सर्जन नही रहने के कारण ए ग्रेड नर्स तथा एएनएम एवं जीएनएम के भरोसे कार्य लिया जा रहा है. जिससे जच्चा बच्चा के जान को खतरा बना रहता है.साथ ही साथ अस्पताल में सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउण्ड मशीन, एक्स रे मशीन, डिजीटल ईको, ईसीजी व एमआरआई मशीन की व्यवस्था नहीं होने के कारण गरीब जनता प्राईवेट अस्पतालों में जाकर अपना ईलाज कराकर कर्ज में डूब रहे हैं. इसलिए सदर अस्पताल साहेबगंज एवं अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में रिक्त पदों में डॉक्टरों का पदस्थापन किया तथा अस्पताल में सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउण्ड मशीन, एक्स रे मशीन, डिजीटल ईको, ईसीजी व एमआरआई मशीन की व्यवस्था टेक्निशियन सहित उपलब्ध कराएं. स्वास्थ्य मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा है कि इस दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी.



# समारोह आयोजित कर जगदीशपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई विदाई किया गया स्वागत

लोकतंत्र कि आवाज



जगदीशपुर/भोजपुर। प्रखंड सूचना प्रौद्योगिक भवन के सभागार में शुक्रवार को विदाई सह अभिनंदन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बीडीओ डॉ सुदर्शन कुमार को विदाई दी गई और नव पदस्थापित बीडीओ कान्ति कुमार का स्वागत और अभिनंदन किया गया। समारोह में एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, प्रखंड प्रमुख सविता कुमारी के प्रतिनिधि चंदेश्वर सिंह उर्फ साधु यादव, बीपीआरओ ज्योति कुमारी, सीओ विश्वजीत नीलांकर, थानाध्यक्ष बिगाऊ राम,जेई रौशन कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शाहपुर बीपीआरओ राजेश प्रसाद ने किया। समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने

सुदर्शन कुमार को पुष्पगुच्छ, माला व अन्य उपहार देकर विदाई दी गई। साथ ही कान्ति कुमार का स्वागत पुष्पगुच्छ, माला और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। मौके पर सुदर्शन कुमार के एक वर्ष के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए एसडीएम, एसडीपीओ, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सहति अन्य वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव, पैक्स चुनाव, मुख्यमंत्री का प्रगति यात्रा कार्यक्रम और कार्यालय के कार्यों सहित सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सही ढंग से एवं ईमानदारी से काम किया। वही एसडीएम ने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जा रही थी, वह उसे बेहतर तरीके से अंजाम दे रहे थे।

पदोन्नति के रूप में मिली नई जिम्मेदारी पर सभी ने उन्हें बधाई दी। सुदर्शन कुमार ने कहा कि जगदीशपुर में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। सभी का सहयोग मिला और एसडीएम सर के मार्गदर्शन में काम करने का अनुभव मिला। यहां के जनप्रतिनिधि, पत्रकार और सभी ने काम करने में मदद की।

यहां का कार्यकाल मुझे हमेशा याद रहेगा। वही नव पदस्थापित बीडीओ ने कार्यभार संभाल लिया है।इस मौके पर मुखिया पिंटू प्रसाद, उमेश सिंह, राजू सम्राट, अजय यादव, मनोज कुमार सिंह, सहित अन्य मौजूद रहे।

# पटनाः कला संस्कृति एवं युवा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय बसंतोत्सव का आगाज

लोकतंत्र की आबाज



पटना। शास्त्रीय संगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुझे यह देख कर खुशी हो रही है कि इस विधा के संरक्षण व संवर्धन केलिए समर्पित प्राचीन कला केन्द्र और कला संस्कृति एवं युवा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बसंतोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त बातें बिहार के कला संस्कृति मंत्री मोती लाल प्रसाद ने शुक्रवार को शहर के भारतीय नृत्य कला मंदिर में आयोजित बसंतोत्सव के उद्घाटन संबोधन के दौरान कही। उन्होंने कहा कला संस्कृति विभाग इस तरह के आयोजन के माधयम से प्रतिभावान कलाकारों को प्रोत्साहित करती है।

इस अवसर पर सबसे पहले कला एवं संस्कृति मंत्री मोती लाल प्रसाद, प्राचीन कला केन्द्र चंडीगढ के सचिव सजल कौसर, झारखंड से पधारे सतीश कुमार शर्मा, एवं भाजपा कला संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष वरुण कुमार ने केन्द्र के संस्थापक गुरू एमएल कोसर के समक्ष करतल ध्वनि के बीच संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं गुरू कोसर के तस्वीर पर माला अर्पित कर आयोजन को दिशा दी। कार्यक्रम का संचालन यामिनि शर्मा नेकिया। उद्घाटन की औपचारिकता के बाद केन्द्र के सचिव श्री कोसर ने तमाम आगत अतिथियों को शॉल, पुष्प गुच्छ आदि से सम्मानित कर अभिनंदन किया। तदुपरांत कैसी ये धूम मचाई रे के साथ डॉ रागेश्री दास ने पिनाकी चक्रवर्ती के तबला, दिव्य ज्योति मुखर्जी के गिटार एवं तनिष धौलपुरी के सारंगी से ऐसा समां बांधा कि श्रोता घंटो स्वर ताल लय की संगीत सरिता में सम्मोहन की अवस्था मे मंत्रमुग्ध होकर झूमते, डूबते उबरते रहे।

वहीं दूसरी प्रस्तुती के रूप में मोहित साहनी हारमोनियम और विनायक सहाय सारंगी संगति में प्रख्यात युवा तबला वादक शुभ महाराज नें अपने उंगलियों के जादू से अमिट छाप छोड़ी। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक अभिषेक कुमार, बोकारो से डॉ राकेश रंजन, समस्तीपुर से डॉ संजय कुमार राजा, लक्ष्मी कान्त मेहता, सुविख्यात तबला वादक अख्तर हुसैन सहित दर्जनों केन्द्र व्यवस्थापक व बडी संख्या में संगीत रसिक के साथ सुधी श्रोता भी मौजूद थे।

## साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से छात्रा सम्मानित

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। शेरमारी बाजार स्थित चंपा देवी बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा साक्षी कुमारी, पिता मुन्नीलाल साह, जो शेरमारी बाजार में अपने मामा के घर में रहकर पढ़ाई करती है। 27 फरवरी को भारत सरकार का साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से संचालित इंस्पायर माणक अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के तहत प्रमाण पत्र सहित आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए₹ 10000 की राशि मानक की ओर से प्रदान की गई। इंस्पायर माणक अवार्ड विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग की एक योजना है ।इस योजना का मुख्य मकसद बच्चों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रुचि जगाना है। इस योजना के तहत छात्रों को अपने मूल विचारों और नवाचारों को भेजने का मौका मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक मो महताब आलम, अजीत कुमार, सुमित कुमार, अर्चना कुमारी, जया मल्लिक, मीनू कुमारी, मनोज सिंह, ने छात्रा सम्मानित किया, उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही साथ बधाई देने वालों में प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी ,पप्पू साह ,अरविंद साह ,गुंजन कुमार ,झुंपा सिंह, प्रदीप सिंह,विवेकानंद गुप्ता, रंजीत साह, प्रखंड लोजपा अध्यक्ष सौरव कुमार साह ,पूर्व स्टेशन प्रबंधक घनश्याम दास ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# भाकपा माले ने जुलूस निकालकर बजट का प्रति जलाया

लोकतंत्र की आवाज

ताजपुर/समस्तीपुर। भाकपा माले के राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत शुक्रवार को जुलूस निकालकर बजट का प्रति जलाया। इससे पूर्व झंडा, बैनर एवं मांगों से संबंधित नारे लगाते हुए भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक से जुलूस निकालकर बाजार भ्रमण के पश्चात पुनः गांधी चौक पहुंचकर जुलूस सभा में तब्दील हो गया। सभा को प्रखंड कमिटी सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, राजदेव प्रसाद सिंह, संजीव राय, जवाहर सिंह, सुखदेव सिंह, रवींद्र शर्मा, सुनील शर्मा, संजय कुमार, उपेंद्र शर्मा, मकसुदन सिंह, मो० सयूम आदि ने सभा को संबोधित किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में भाकपा-माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार में भाजपा-जदयू के डबल इंजन सरकार के बजट में जनता के बुनियादी सुविधा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पानी, बिजली सड़क, महंगाई, बेरोजगारी के सवाल पर बजट में चुपी साध लिया गया है। बजट में भारी कटौती किया गया है।




वहीं बिहार में संघर्षरत तबका आशा, रसोईया, सेविका- सहायिका, कुरियर, ममता, जीविका, सफाईकर्मी, अनुरक्षक, विद्यालय प्रहरी आदि के मांगों को अनसुना कर दिया गया है। उन्होंने आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे लाखों-लाख स्कीम वर्कर को सेवा स्थाई करने और प्रतिमाह 26 हजार रुपए मानदेय भुगतान करने की मांग किया। माले नेता ने कहा कि भाकपा माले के विधायक दल जनविरोधी बजट और बढते आपराध, महिलाओं, बच्ची के साथ दुष्कर्म- हत्या के खिलाफ विधानसभा में विरोध की आवाज बुलंद कर रहे हैं तो दूसरी ओर सड़क पर भाकपा माले आन्दोलन कर रही है। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य सह खेग्रामस प्रखंड सचिव प्रभात रंजन गुप्ता ने कहा कि माइक्रोफाइनेंस कंपनियों से जुड़ी महिलाओं का कर्ज माफ करने, 95 लाख गरीब परिवारों को स्वरोजगार योजनानुसार 2-2 लाख रुपए देने और जमीन-आवास उपलब्ध कराने, खूनचूसक स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने, बिजली बिल माफ करने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने थूककांड के आरोपी ताजपुर बीडीओ गौरव कुमार को स्थानांतरित करने की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुस्लिम भाईयों ने जुम्मा की नवाज अदा की



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पूरे पीरपैंती प्रखंड के मस्जिदों में जुम्मा की नमाज अदा की गई। प्रायः सभी मस्जिदों में नवाजियों की भीड़ देखी गई ।माहे रमजान में जुम्मा की नमाज की खासियत है ।जुमा की नमाज से अधिक से अधिक सबाब मिलता है। मालिक बंदे के गुनाहों को माफ करते हैं। साथ ही साथ अमन की सलामती, भाईचारे का भी पैगाम का संदेश मिलता है। इस अवसर पर सुंदरपुर , कूचबन्ना, नौआटोली, श्रीनगर, राज गांव , सहित सभी मस्जिदों में हर्षोल्लास के साथ रमजान माह के पहले जुम्मा की नमाज अदा की गई। नुरुल्लाह फौजी ने बताया कि माहे रमजान में सभी इस्लाम धर्म को मानने वाले को नवाज अदा करनी चाहिए, जुम्मे की नमाज से अधिक सभी सबाब मिलता है।

### सिरदला: गुलाब नगर गांव में हुई मारपीट मामले में 17 लोगों के विरुद्ध दर्ज की गई प्राथमिकी



सिरदला नवादा– थाना क्षेत्र के गुलाब नगर गांव में मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें दोनों पक्ष से प्राथमिकी दर्ज करवाया गया है। एक पक्ष से आवेदक लक्ष्मण वर्मा पिता तेतर महतो ने 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाया है। वहीं दूसरे पक्ष के आवेदक अभय निराला पिता विजय सिंह कुशवाहा ने 11 लोगों पर प्राथमिक की दर्ज करवाया है। आवेदन के मुताबिक दोनों पक्ष से दो लोग जख्मी बताया गया है। जिसका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में किया गया है। घटना का कारण भूमि विवाद व गली विवाद बताया गया है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों पक्ष से प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### गोह पुलिस ने 30 लीटर महुआ शराब किया बरामद,



गौतम कुमार

अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर गोह (औरंगाबाद) होली पर्व को लेकर गोह पुलिस ने थाना क्षेत्र में लगातार छापेमारी कर रही है। गुरुवार को पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के परासी गांव से शेखपुरा जाने वाली कच्ची सड़क के किनारे पुआल में छिपाकर रखा हुआ प्लास्टिक की गैलेन से 30 लीटर देसी महुआ शराब बरामद कर थाना लाया है। तो वहीं 24 लीटर कच्चा जावा महुआ विनिष्ट किया है। थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि इस मामले में पुअनि शिवपूजन सिंह यादव के बयान पर कांड संख्या 77/25 दर्ज किया गया है। जिसमें थाना क्षेत्र के गम्हारी गांव निवासी शंकर चौधरी को आरोपित किया गया है। वहीं आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# विराट कुश्ती दंगल का आयोजन रामगढ़ चौक थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार संग चंद्रभान पहलवान के नेतृत्व में

## मधु पहलवान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 31000, लखीसराय के देव पहलवान ने 1 लाख जीता



लोक तंत्र की आवाज

**लखीसराय ।** शुक्रवार 7 मार्च 2025 की दोपहर 12 बजे रामगढ़ थाना चौक के पास एक दिवसीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन रामगढ़ चौक थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार की अध्यक्षता में तथा बिहार कुश्ती चैंपियन चंद्रभान पहलवान के नेतृत्व में किया गया। इस आयोजन में कई मुख्य अतिथियों का आगमन हुआ। वही रामगढ़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार की अध्यक्षता में व्यवस्थापक नागेंद्र कुमार द्वारा आयोजित एक दिवसीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में आए सभी पहलवानों को अंगवस्त्र और मेडल सहित फूल माला से सम्मानित किया गया। वही मुख्य अतिथि के रूप में मगही सुपरस्टार कलाकार सौरभ सुगम यादव, शंभु पहलवान, टुनटुन यादव उर्फ प्रमुख साहेब, चेवारा पंचायत के चेयरमैन लड्डू पहलवान, रफ्इ हॉस्पिटल शेखपुरा के संचालक डॉ शिवदानी पासवान, शेखपुरा के राजीव फौजी साहेब, दुल्लापुर के मुखिया अजय कुमार, नंदन यादव रामगढ़ सहित कई स्थानीय नेतागण और पुलिस प्रशासन भी सिरकत किए शामिल हुए। इस दंगल में बिहार के अलावा यूपी, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मू–कश्मीर, दिल्ली, बंगाल तथा पड़ोसी देश नेपाल से भी महिला और पुरुष पहलवान ने कुश्ती में अपना दमखम दिखाया। कुश्ती में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बिहार कुश्ती चैंपियन चंद्रभान पहलवान के छोटे बेटे लखीसराय के देव पहलवान ने राजस्थान के रणवीर पहलवान को पटखनी देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर 1 लाख का पुरुस्कार जीता तथा दूसरे स्थान पर राकेश पहलवान जम्मू कश्मीर को 51000 तथा तीसरे स्थान पर नेपाल के बादल थापा पहलवान को 31000 और महिला पहलवान में बिहार पटना की मधु पहलवान ने हरियाणा की स्वेता पहलवान को पटखनी देते हुए महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 31000 का पुरुस्कार राशि प्राप्त की। बिहार कुश्ती चैंपियन चंद्रभान पहलवान ने कहा कि इस विराट कुश्ती दंगल में इस बार महिला और पुरुष दोनों वर्ग में बिहार के पहलवान का दबदबा रहा। वही आस पास के दर्जनों गाँव से आए सैकड़ों हजारो लोगो की सुरक्षा हेतु कई पुलिसकर्मी भी लगाए गए ताकि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नही हो।

## बिहपुर के सभी मस्जिदों में माह ए रमजान के पहले जुमा पर उमड़ी नमाजीयो की भीड़



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर ,,,** बिहपुर प्रखंड के जामा मस्जिद मे माह ए रमजान के पहले जुमा की नमाज शुक्रवार को अदा की गई। यहां बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे थे ।बिहपुर जामा मस्जिद के इमाम हजरत मौलाना अबूसालेह फरीदी के अगवाई में नमाजीयों ने नमाज अदा किया ।मिलकी में हजरत मौलाना शमसीर आलम, गौरीपुर में हजरत मौलाना साजिद रजा ,वभनगामा हजरत मौलाना इरफान आलम ,झंडापुर में हजरत मौलाना राकीव रजा ,हिरदीच में हजरत मौलाना मोवबशीर रजा ,सहोडी ,नंनकार,काजीटोलाजमालपुर,मिराचक आदि मस्जिदों में भी जुमे की नमाज अदा की गई। बिहपुर के खानका ए आलिया फरीदिया मोहब्बतिया के सज्जादानशी हजरत अली कौनैन खॉ फरीदी एव नायव सज्जादानशी हजरत मौलाना अली शब्बर खॉ फरीदी ने वताया कि पहला अशरा मे रोजेदारो पर रहमत वरसती है इस महिने के दौरान रोजा रखने से दुनिया भर के ग़रीबों की भुख और दरद को समझा जा सकता हैं रूह की पाकीजगी के लिए भी मुस्लिम रोजा रखते है और साथ ही साथ रोजा रखकर हर तरह की बुराईयों से दूर रहा जाता हैं।

## बाईक दुर्घटना में एक किशोर जख्मी



लोकतंत्र की आवाज

**सिरदला।** एक संवाददाता सिरदला थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के समीप स्टेट हाइव 70 पर शुक्रवार की देर शाम दो बाईक की आमने सामने की टक्कर में एक17 वर्षीय किशोर जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों तथा सिरदला पुलिस की मदद से किशोर को इलाज के लिए सिरदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। जख्मी किशोर की पहचान मेसकौर थाना क्षेत्र के सुखामारन गांव के दिलीप प्रसाद के पुत्र रवि कुमार बताया गया है।

## सिरदला : नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिरदला प्रखंड के गांवों में सहकारिता की योजनाओं का किया जा रहा प्रसार नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी जा रही जानकारी



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला ।** नवादा– प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में सहकारिता विभाग बिहार सरकार के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसानों को योजनाओं की जानकारी देने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एक दिन में तीन पंचायत में किया जाता है। सिरदला प्रखंड के राजन पंचायत के राजन गांव में, खनपुरा पंचायत के महबत पुर गांव में, चौबे पंचायत के भेलवाटाड़ गांव में। नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर किसानों को जागरूक किया गया जिसमें विभिन्न केन्द्रों की जानकारी दी गई। जन औषधि केंद्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, डेरी सहयोग समिति केंद्र, पेट्रोल डीजल आउटलेट केंद्र, किसान बीज भंडार एवं कीटनाशक दवाई केंद्र पैक्स के माध्यम से खुलने, किसान सहकारी चौपाल कार्यक्रम के तहत स्मार्ट फाउंडेशन मनेर पटना के कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को योजनाओं की जानकारी दी गई। किसानों को कृषि ऋण, कृषि उपकरण खरीदने, फसल छती, कॉमन सर्विस सेंटर, मुख्यमंत्री हरित कृषि यंत्र योजना, आदि के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पंचायत अध्यक्षों ने कहा कि सभी सेवाएं लागू की जा रही है। मौके पर टीम लीडर नीतीश कुमार दांगी, कलाकार प्रिंस प्रभात दांगी, अविनाश कुमार, राजकुमार राजवंशी, सुधीर सिंह, राखी कुमारी, कीर्ति कुमारी सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# प्रेम प्रसंग के संदेह को लेकर की हत्या,ढाढी फुंदनमा पहाड़ से शव बरामद, अपराध को कबूला,भेजा गया कारागार



लोक तंत्र कीआवाज

**लखीसराय ।** गुरुवार 06/03/ 25 को वादिनी सारो देवी पति अनिल कोढा ग्राम सिमरातरी थाना बन्नूबगीचा जिला लखीसराय थाना पर एक लिखित आवेदन देकर बताई की दिनांक 04/03/25 को सुबह करीब 10:00 बजे दिन में मेरी ननद सुलो देवी पति मकेश्वर कोड़ा पिता बालों कोढा ग्राम न्यू बांकुरा थाना बनोबगीचा जिला लखीसराय जंगल के तरफ गई। लेकिन इसके वापस नहीं आने पर बताई की मारवाड़ी कुमार उर्फ मारो उर्फ संतोष कुमार उम्र 28 वर्ष पिता रोहन कोढा ग्राम न्यू बरमसिया थाना बन्नू बगीचा जिला लखीसराय से इनकी ननद सुलो देवी के साथ प्रेम संबंध था किंतु मारवाड़ी कुमार को यह संदेह रहता था कि सूली देवी का किसी दूसरे के साथ अवैध संबंध है, इसी कारण वादनी को पूरा विश्वास है कि हत्या करने के उद्देश्य से कहीं ले जाकर गायब कर दिया है। वही अनुसंधान के क्रम में अभियुक्त मारवाड़ी कोढा के द्वारा अपने अपराध को स्वीकार करते हुए उनके निशान देही पर ढाढी फुंदनमा पहाड़ ( चटकाही पहाड़) न्यू बांकुरा के आगे है जहां से सुलो देवी का शव बरामद किया गया तथा तथा साथ ही जिस चाकू से अभियुक्त मारवाड़ी कुमार के द्वारा सुलो देवी की हत्या की गई थी वह चाकू भी बरामद किया गया। वही इसके साथ सुलो देवी के द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक मोबाइल जो क्षतिग्रस्त अवस्था में बरामद किया गया। अभियुक्त मारवाड़ी कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## गोह में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा एक युवक की मौत



लोकतंत्र की आवाज

**गौतम कुमार**

अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर, गोह( औरंगाबाद ) गुरुवार की देर रात करीब 9 बजे गोह थाना क्षेत्र के मोथा मोड़ के समीप एनएच 68 पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंद दिया। जिसमें घटनास्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई। घटना के सबंध में बताया जाता है कि गया जिला के टिकारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ढिबरिया गांव निवासी 25 वर्षीय रविरंजन कुमार अपने अपाची बाइक से गोह की तरफ से दरार अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में जा रहा था। युवक जैसे ही एनएच 68 पर मोथा मोड़ के समीप पहुँचा की रफीगंज तरफ से तेज रफ्तार में आ रही अज्ञात वाहन ने जोरदार धक्का मार दिया। दोनों वाहन की टक्कर काफी जोरदार थी। टक्कर की आवाज सुनकर आस पास के ग्रामीण घबरा गए और घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि एक युवक सड़क किनारे मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना गोह पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजकर परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। परिजनों के द्वारा आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर मौत की सूचना पाते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मचा गया। वहीं घटना से व्याकुल मृतक के माता–पिता एवं भाई बहन का रो रोकर बूरा हाल है।

## बिहार राज्य सीनियर एकल व युगल प्रतियोगिता के लिए दोनो वर्गों की टीम घोषित नवगछिया पुलिस जिला टीम की कमान राजा व अभिलाषा को



लोकतंत्र की आवाज

**बिहपुर ,,,,**बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में वैशाली जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा8 से 9 मार्च तक बिहार राज्य सीनियर एकल,युगल( पुरुष /महिला ) व मिश्रित युगल बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन होगा।शुक्रवार को बिहपुर के रेलवे मैदान पर दोनो वर्गों की टीम का चयन किया गया।नवगछिया पुलिस जिला सीनियर बॉल बैडमिंटन टीम की घोषणा करते हुए राज्य प्रवक्ता सह नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि घोषित टीम इस प्रकार है : पुरुष वर्ग में राजा कुमार (कप्तान) अंकित कुमार शर्मा, गुलशन कुमार, पुष्कर कुमार, आशीष उर्फ सन्नी कुमार व सूरज कुमार के अलावा टीम कोच अभिषेक कुमार। महिला वर्ग में अभिलाष कुमारी ( कप्तान ) कोमल कुमारी, मौसम कुमारी, अन्नू कुमारी, रूपा कुमारी, जुली कुमारी समेत टीम कोच निकिता सिंह राजपूत शामिल है.चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जिला बॉल बैडमिंटन संघ कोषाध्यक्ष दिव्यप्रियदर्शी, राहुल कुमार, राकेश कुमार, घनश्याम कुमार, अंशु कुमार, सागर कुमार, शिक्षक राजेश कुमार रवि आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक टॉक शो एवं परामर्श बैठक का आयोजन





लोकतंत्र की आवाज़

**गया ।** इनर व्हील क्लब गया सनराइज की प्रेसिडेंट स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. तेजस्वी नंदन ने भी अपने विचार साझा किए ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक टॉक शो एवं परामर्श बैठक का आयोजन किया गया है। इस विशेष कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दीपा कुमारी, विधायक, इमामगंज, गया बिहार थीं, जिन्होंने महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में अपने विचार साझा किए हैं। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती साक्षी रॉय, डीएसपी, साइबर क्राइम ब्रांच थाना, उपस्थित रहीं, जिन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई है। इस आयोजन ने छात्राओं और शिक्षकों को जागरूक एवं प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।इस कार्यक्रम की आयोजक एवं ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाध्यापिका, मधु प्रिया ने महिला सशक्तिकरण और पितृसत्ता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें उन्होंने महिलाओं की स्वतंत्रता, शिक्षा और अधिकारों पर जोर दिया है। इनर व्हील क्लब गया सनराइज की प्रेसिडेंट स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. तेजस्वी नंदन ने भी अपने विचार साझा किए और महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया है। वहीं, इनर व्हील की वाइस प्रेसिडेंट बाल विकास परियोजना अधिकारी रफीगंज, स्नेहा सिन्हा ने महिला सशक्तिकरण के महत्व और समाज में महिलाओं की भूमिका पर अपने प्रेरणादायक विचार रखे हैं। इस कार्यक्रम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी पहचान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया है।इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित महिलाएँ बतौर वक्ता उपस्थित रहीं, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण, समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके अधिकारों पर अपने विचार रखे हैं। इनमें डॉ. मृदुला नारायण नैदानिक मनोविज्ञानी, प्रधानाध्यापिका इंदू कुमारी, मगध विश्ववि ?द्यालय की प्रोफेसर, शुभ्रा गुप्ता व्यवसायी, एकता वर्मा, पुलिसकर्मी महिला मददरेखा आरती सिंह, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. मेधा सिन्हा और रचना मिश्रा तथा स्कूली छात्रायें आकृति, अदिति, प्रीति, लाईबा आफ़ताब एवं श्रृष्टि श्री भी शामिल थीं। इन सभी वक्ताओं ने अपने अनुभवों और विचारों को साझा करते हुए महिलाओं को जागरुक और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया है। उनके विचारों ने न केवल उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित किया, बल्कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और सामाजिक बदलाव में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश भी दिया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सचिव शिहान ई0 राहुल श्रीवास्तव खेल मंत्री से मिलकर सवात् खेल को खेल कैलेंडर मे सामिल कराने के लिए ज्ञापन सौपा

बिहारः आज राज्य सवात् संघ, बिहार के सचिव शिहान ई० राहुल श्रीवास्तव के द्वारा पटना सचिवालय में बिहार सरकार के माननीय खेल मंत्री श्री सुरेंद्र मेहता जी से किया गया मुलाकात व ऐशियन सवात् चैंपियनशिप में भारत को पदक दिलाने वाले बिहार के खिलाड़ियों को उचित सम्मान दिलाने के लिए आग्रह किया। साथ ही बिहार सरकार के खेल कैलेंडर में भी सवात् (फ्रेंचबॉक्सिग) खेल को सामिल कराने के लिए भी चर्चा किया। माननीय मंत्री जी के द्वारा आश्वासन मिला हैं कि इसबार नई खेलों को भी जोड़ने पर काम किया जाएगा साथ ही सवात् खेल पर भी प्रमुखता से ध्यान दिया जाएगा। इस खेल को शामिल हो जाने से बिहार के सवात् खिलाड़ियों में एक अलग उम्मीद जग जाऐगा। बिहार के खिलाड़ी सिर्फ अकेले सवात् खेल में भारत को अबतक 50 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक दिला चुके हैं लेकिन न अबतक खेल विभाग का ऑख खुला और ना ही किसी अधिकारियों का। इन खिलाड़ियों का दर्द लेकर आज राज्य सवात् संघ, बिहार के सचिव शिहान ई० राहुल श्रीवास्तव पहुंचे खेल मंत्रालय व रखा खिलाड़ियों का बात। इस खेल को शामिल हो जाने से पश्चिम चंपारण जिलें से भारत को पदक दिलाने वाले खिलाड़ी व देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी आशिफ अनवर, श्रेयस जैसवाल, रूबीना कुमारी व करूणा कुमारी को भी राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली खेल सम्मान समारोह में बिहार सरकार से उचित सम्मान मिल सकेगा। सेंशाई चंदन कुमारह्ल कोषाध्यक्ष, जिला सवात् संघ, पश्चिम चंपारण

### बगहा की पल्लवी दुल्हन बन परिजनों संग बारात लेकर गई पूर्वी चम्पारण कहा – बेटियां ना हीं कमजोर, ना परिवार पर बोझ, समाज में जाएगा सकरात्मक संदेश

बगहा शुक्रवार 07 मई शादी व्याह में वर पक्ष की ओर से लड़का दूल्हा बनकर बारात लेकर लड़की के यहाँ आने और कन्या से विवाह कर दुल्हन को अपने साथ विदा करा कर अपने घर ले जाने की प्रथा हीं समाज में सदियों से प्रचलित है लेकिन बगहा की बेटी पल्लवी ने दोनों पक्ष के पारिवारिक सहमति, फिजूलखर्ची से बचाव एवं सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए अलग एवं अनोखा रास्ता अपनाते हुए शुक्रवार साथ मार्च को अपने परिवार के लोग एवं स्वजन सहित बारातियों के साथ बारात लेकर पूर्वी चम्पारण स्थित अपने ससुराल विवाह करने निर्धारित स्थल चल पड़ी। पल्लवी के इस निर्णय से समाज के लोग उसकी प्रशंसा कर रहें हैं।दरअसल पल्लवी बगहा नगर के वार्ड 31 निवासी लालाबाबू राउत और शीला देवी की पुत्री है। उनसे इंटर तक की पढ़ाई की है। उसका परिवार गरीब है। पूर्वी चम्पारण के ढाका में उसकी शादी तय हुई। परम्परा के अनुसार लड़का पक्ष बारात लेकर बगहा लड़की के यहाँ आता लेकिन पल्लवी ने देखा कि इससे उसके परिवार पर आर्थिक बोझ पड़ता। लिहाजा उसने परिवार को अनावश्यक कर्ज से बचाने के लिए अनूठी मिशाल पेश करते हुए अपने मातापिता एवं होने वाले पति तथा स्वसूर से इस आर्थिक बोझ व फिजूलखर्ची से बचने के लिए यह प्रस्ताव दिया कि पल्लवी हीं दुल्हन बनकर विवाह स्थल पर आ जाएगी जिसपर दोनों पक्ष सहमत हो गए। पल्लवी के इस निर्णय से स्थानीय समाज, बुद्धिजीवी लोग, मातापिता एवं ससुराल पक्ष उसकी सराहना कर रहें हैं। लोगों का कहना है कि ऐसी समझदार बेटी हो तो परिवार खुशहाल एवं सुखमय बना रहेगा। बेटियां माता के लिए बोझ नहीं होंगी।दोनों पक्ष के लोग पल्लवी के इस निर्णय पर गौरवान्वित हैं।

### मोतिहारी:गन्ना यंत्रीकरण वितिय वर्ष 2024–25 के अर्न्तगत कृषि यंत्रों का वितरण

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

मोतिहारीः बिहार सरकार गन्ना उद्योग विभाग द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजना ₹गन्ना यंत्रीकरण योजना₹ के अर्न्तगत् एचबीएल, सुगौली के गन्ना उत्पादक किसानों के बीच गन्ना की खेती के लिए उपयोगी कृषि यंत्रो का वितरण कैंप दिनांक 06/03/2025 को सुगौली चीनी मिल कैम्पस में लगाई गई। इसमें खूँटी प्रबंधन यंत्र (आर.एम.डी.), सुगर केन कटर प्लांटर, सेट ट्रीटमेंट डिभाईस, इंजिन ऑपरेटेड पावर स्प्रेयर, ट्रैक्टर ऑपरेटेड पावर स्प्रेयर, ट्रैक्टर ऑपरेटेड रीजर, रींग पीट डीगर, ट्रेंच ओपनर, सिंगल बड कटर मैन्युल, सिंगल बड कटर पॉवर ऑपरेटेड, हैंड ऑपरेटेड डिवाईस कीट, लैन्ड लेभलर, पावर वीडर आदि उपयोगी कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। गन्ना उद्योग विभाग पटना के संयुक्त ईखायुक्त श्री जयप्रकाश नारायण सिंह एवं सहायक निदेशक ईख विकास, मोतिहारी श्री वेदव्रत कुमार सहीत कई कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहें। एचबीएल, सुगौली के उप–महाप्रबंधक गन्ना श्री शैलेन्द्र कुमार मिश्र, उप–गन्ना प्रबंधक श्री संजीव कुमार सहीत चीनी मिल के अनेक कर्मचारी एवं अधिकारी सहीत सैकड़ों की संख्या में गन्ना उत्पादक किसान भी उपस्थित हुए।

# मोतिहारी: शौर्य वेदनाम उत्सव' – 2025 का मोतिहारी में पहली बार सशस्त्र बलों का प्रदर्शन

## बिहार के गवर्नर आरिफ मोहमद खान के उपस्थिति में हुई कार्यक्रम की शुरुआत

लोकतंत्र की आवाज


**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी।** भारतीय सशस्त्र बलों की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन, शौर्य वेदनाम उत्सव, 7 मार्च 2025 को आरंभ हुआ। यह पहली बार है कि बिहार के मोतिहारी में इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय उत्सव में सैन्य उपकरणों, मार्शल आर्ट, सैन्य बैंड द्वारा सामूहिक प्रदर्शन, विशेष बलों द्वारा युद्ध प्रदर्शन, मोटरसाइकिल करतब और डॉग शो और ऐसे कई अन्य आकर्षणों का शानदार प्रदर्शन किया गया। इस समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, सांसद और रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष राधा मोहन सिंह, बिहार सरकार में मंत्री गण एवं विधायक गण, मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता और भारतीय सशस्त्र बलों, केंद्र और राज्य सरकारों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। झारखंड और बिहार सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल विकास भारद्वाज सहित वरिष्ठ सैन्यकर्मी, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात पूर्वी चंपारण एवं अन्य नागरिक सरकार के नेतागण एवं भाजपा के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों और




कॉलेजों के छात्रों, एनसीसी कैडेटों और बिहार के सभी क्षेत्रों के नागरिकों की उत्साही भागीदारी ने इसे और समृद्ध बना दिया। इस अवसर पर बोलते हुए, राज्यपाल ने हमारे देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। राधा मोहन सिंह ने संतोष व्यक्त किया कि मोतिहारी में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है और कहा कि कार्यक्रम युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने में योगदान देगा। गांधी मैदान, मोतिहारी में दर्शकों को मार्शल आर्ट और नवीनतम सैन्य उपकरणों के शानदार प्रदर्शन की एक लुभावनी प्रदर्शनी देखने को मिली। उल्लेखनीय प्रदर्शनों में टी–90 टैंक, भारतीय सेना का मुख्य युद्धक टैंक, स्वदेशी के–9 वज्र स्व–चालित तोप, बीएमपी वाहन और घरेलू रूप से निर्मित हथियार लोकेटिंग रडार (डब्ल्यूएलआर) स्वाति शामिल थे। भारतीय वायु सेना ने तीन एसयू–30 लड़ाकू विमान, दो एएन 32 परिवहन विमान और चेतक हेलीकॉप्टरों का एक लुभावनी फ्लाईपास्ट किया। आईएएफ की आकाश गंगा टीम ने लगभग 8000 फीट की उंचाई से लड़ाकू फ्री फॉल का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। भारतीय नौसेना के कर्मियों ने आगंतुकों के साथ बातचीत की, नौसेना की त्रि–आयामी क्षमताओं के बारे में साझा किया और युवाओं को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया। नौसेना बैंड के प्रदर्शन ने सशस्त्र बलों के बीच संयुक्त कौशल को उजागर करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सशस्त्र बलों के सभी वीरों के बलिदान का सम्मान करते हुए एक स्मारक स्थल पर स्थापित किया गया था। आगंतुकों को हमारे सशस्त्र बलों के साहस और वीरता के बारे में जानने का मौका मिला और उन्होंने हमारे सशस्त्र बलों के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय वायु सेना और नौसेना के एयर क्राफ्ट कैरियर, पनडुब्बी और विध्वंसक के मॉडल भी प्रदर्शित किए गए। इस कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत के तकनीक–संचालित सशस्त्र बलों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें टैंक और आर्टिलरी गन के स्वदेशी संस्करण शामिल थे। सावधानीपूर्वक आयोजित इस कार्यक्रम में सूचनात्मक काउंटर और आकर्षक सैन्य प्रदर्शनों की एक श्रृंखला भी शामिल थी। पूर्व सैनिकों के लिए पुनर्वास निदेशालय द्वारा आयोजित जॉब फेयर ने मूल्यवान केंद्र के रूप में कार्य किया, जिसमें संसाधन, सहायता, दुसरा करियर चुनने के लिए नेटवर्किंग अवसर प्रदान किए गए। भारतीय सेना के क्षेत्रीय भर्ती कार्यालयों ने युवाओं से संपर्क किया, उन्हें करियर के अवसरों और सैन्य सेवा में नवीनतम विकास के बारे में जानकारी दी। इस दुर्लभ अवसर ने उपस्थित लोगों को हमारे सशस्त्र बलों द्वारा नियोजित अत्याधुनिक तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर दिया, जिससे भारतीय सशस्त्र बलों और उनकी शक्ति के बारे में गहरी समझ विकसित हुई।

## मेहुड़ा में 18 अप्रैल से शुरुहोगा 11 दिवसीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ




लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

**बगहा।** अनुमंडल अंतर्गत प्रखण्ड बगहा एक के मेहुड़ा स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में 11 दिवसीय श्री श्री 108 श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरुआत 16 अप्रैल से होने जा रहा है।जो महायज्ञ की पूर्णाहुति 26 अप्रैल दिन शनिवार को होगी। वही प्रतिदिन विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया है।महायज्ञ की तैयारी जोरों सोर पर चल रही है।वही भव्य यज्ञशाला का भी निर्माण कराया जा रहा है। महायज्ञ की सफलता के लिए कमेटी बनाई गई है। इस महायज्ञ का आयोजक श्री हनुमान दास जी महाराज अयोध्या धाम से है। मुख्य अतिथि श्री कमलनयन दास जी महाराज श्री मणिराम दास छावनी (छोटी छावनी) श्री अयोध्या धाम व यज्ञाचार्य श्री वाल्मीकि दास जी महाराज अयोध्या धाम से रहेंगे। । प्रख्यात कथा वाचिका नारायणी तिवारी अयोध्या धाम के द्वारा प्रतिदिन प्रवचन होगी। यज्ञ में अयोध्या धाम की रामलीला, 51 चलित मूर्तियां, मेला, झूला और जादूगर आदि का भी भव्य व्यवस्था रहेगी। इस महायज्ञ में अध्यक्ष विनोद सिंह, उपाध्यक्ष निखिल रंजन पांडेय उर्फ नन्हे पांडेय, कोषाध्यक्ष रमन सिंह उप कोषाध्यक्ष ब्रिज किशोर सिंह, सचिव कामेश्वर सिंह, उपसचिव विनय प्रताप सिंह उर्फ मनोज सिंह, यज्ञ संयोजक बलिस्टर यादव, प्रमोद पांडेयजी के साथ समस्त मेंहुड़ा ग्राम वासियों का भी भरपूर सहयोग है।

## सिंहवाड़ा में युवक ने की आत्महत्या:19 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

**दरभंगा।** दरभंगा जिले के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। ठकनिया गांव के 19 वर्षीय विशाल कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सिंहवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है और परिवार में शोक की लहर है।सिंहवाड़ा थाना प्रभारी रंजीत कुमार के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। इधर घटना के बाद मृतक के स्वजनों में कोहराम मच गया है।

## बगहा में मंत्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन, लोकगीतों पर झूम उठे सभी लोग

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा ।** बाजार के बॉम्बे बाजार में कोयला और खनन केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद दुबे द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार किया गया था।इस कार्यक्रम में भाजपा के कई बड़े नेता, कार्यकर्ता होली मिलन समारोह में पहुंचे।होली मिलन समारोह के इस भव्य आयोजन में मंत्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा ने भाजपा के नेता, कार्यकर्ताओं, बगहा नगर वासियों को होली की शुभकामनाएं अबीर गुलाल लगाकर दिया।इस कार्यक्रम का संचालक दीपक रही द्वारा किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन दीप जलाकर



मंत्री सतीश चंद दुबे और विधायको अन्य द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में बगहा के विधायक राम सिंह, रामनगर की विधायक भागीरथी देवी और पश्चिमी चंपारण के कई बड़े भाजपा के नेता और कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।साल भर बाद भाजपा कार्यकर्ता और नेताओं में एक खुशी देखने को मिली।जिसमें दिल्ली विधानसभा की जीत भी शामिल थी।इस होली मिलन समारोह में भाजपा के नेताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी गई।कार्यक्रम में भाजपा नेता मनोज सिंह, कवि बादशाह तिवारी, लोकगीत गायकर आदि द्वारा होली के लोकगीतो ₹जोगीरा सा रा रा रा₹ के साथ व्यंग्य करते हुए लोगों को खूब हंसाया।कार्यक्रम में मौके पर बगहा विधायक राम सिंह, रामनगर विधायक भागीरथी देवी, पश्चिम चंपारण के भाजपा के भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद उर्फ अचित्य कुमार लल्ला, रामनगर प्रमुख निहारिका नूतन, मधुकर राय, राजेश राम, विजय पांडे, सांसद प्रतिनिधि सीपू चौबे, रितु जायसवाल, हृदयानंद दुबे, सोमेश पांडे, नागेंद्र साहनी, मनोज सिंह, डॉ अरविंद तिवारी, अखिलेश्वर नाथ त्रिपाठी, डॉ राजू प्रसाद, पूर्व स्टेशन अधीक्षक जयकुमार प्रसाद, बगहा स्टेशन अधीक्षक संतोष पांडे, प्रमुख प्रतिनिधि पारस बैठा, उपप्रमुख सर्वजीत पटेल, मुखिया संजय साह, रौशन तिवारी, उपमुखिया अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

## नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़ रमजान को लेकर शहर के सभी बाजारों में बढ गई है चहल पहल

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** पाक मुकद्दस माह–ए–रमजान के पहले जुमे की नमाज जिला मुख्यालय सहित प्रखंडों की विभिन्न मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद रहमत और बरकत की दुआएं मांगी गई। रमजान के पहले जुमा की नमाज अदा करने के लिए नगर ईदगाह मस्जिद, जामे अनवर मस्जिद समेत शहर और आस पास की विभिन्न मस्जिदों में रोजेदारों की खासी भीड़ रही। नगर के ईदगाह मस्जिद में नमाजियों की संख्या काफी अधिक थी। रमजान के पहले शुक्रवार को अजान होते ही नमाजी मस्जिदों की और दौड़ पड़े। रमजान के पहले जुमे की नमाज दोपहर एक बजे



पढ़ी गई जहां पूरे अकीदत के साथ रोजेदारों ने नमाज अदा की। इससे पहले उलेमाओं ने जकात फितरा गरीब बेसहारा की मदद करने की बात कही और रमजान को बरकतों का और रहमतों का महीना बताते हुए इसकी तफसील से फजीलत बयान की। ईदगाह मोहल्ला के इमाम मौलाना मो. जुबैर ने कहा कि यह रमजान शरीफ का महीना है, जो रहमत मगफिरत और जहन्नम से निजात का माह है। मौलाना ने कहा कि जो इंसान जान बूझकर रोजा छोड़ता है, जिंदगी भर भी अगर वह रोजा रखे तो उसके नुकसान की भरपाई नहीं होती। मौलाना ने बताया कि इस्लाम की बुनियाद पांच चीजों पर कायम है। पहला कलमा पढ़ना, दूसरा नमाज, तीसरा रमजान में रोजे रखना, चौथा जकात अदा करना और पांचवां हज करना। नमाज, जकात और हज का सवाब तो सबको मालूम है, लेकिन रोजे का सवाब केवल अल्लाह ही जानते हैं।

## ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में आवासीय विद्यालय धमौरा में दी गई विस्तृत जानकारी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

प्रखंड गौनाहा, पंचायत धमौरा के डॉ.भीमराव अंबेडकर 10+2 आवासीय विद्यालय परिसर में सभी छात्राओं सहित शिक्षक, शिक्षिका पंचायत के सभी स्वच्छता कर्मी, जीविका दीदी सफाई कर्मी नीमित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में जानकारी हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वागत गान प्रस्तुत किया गया छात्राओं द्वारा स्वच्छता स्वास्थ्य से योगा कार्यक्रम, आदिवासी स्वच्छता प्रेरित सामूहिक नृत्य छात्राओं द्वारा स्वच्छता भाषण, सूखा, गीला कचरा पर चित्रांकन प्रतियोगिता कार्यक्रम की विशेषता रही। प्रखंड विकास पदाधिकारी शिव जन्म राम द्वारा स्वच्छता से संबंधित जानकारी पर विशेष प्रकाश डालते हुए स्वच्छता से बेहतर समाज के बारे में बताया गया। प्रखंड समन्वयक विनोद




कुमार ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में छात्राओं को जानकारी दिया गया। प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका शशेंद्र कुमार ने जीविका दीदी सफाई कर्मी एवं स्वच्छता कर्मी को आपसी समन्वय स्थापित कर पंचायत को स्वच्छ कहने की बात कही।कार्यक्रम का सफल संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित कुमार गुड्डू ने किया। मौके पर मोहिनी कुमारी प्रभारी प्रधानाचार्य उषा सिंह शिक्षक अजय कुमार, पिंकू कुमार, ज्योति प्रभा दिनेश कुमार मंडल, सुश्री श्रुति गोस्वामी, अमरीष कुमार यादव, रितिक कुमार, अनीशा शर्मा, सुश्री जयंती कुमारी अंकित शर्मा, स्वच्छता पर्यवेक्षक सिकेन्द्र कुमार यादव, क्षेत्रीय समन्वयक जीविका अमर कुमार पंचायत धमौरा के सभी स्वच्छता कर्मी, जीविका दीदी के सभी सफाई कर्मी कार्यक्रम के छात्रा प्रतिभागी रूबी कुमारी, सुनीति कुमारी, मोनिका कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, निराला कुमारी, आंचल कुमारी, संजनी कुमारी, सोनालिका कुमारी, मेघा कुमारी, चंदा कुमारी, रुखसार कुमारी, सरस्वती कुमारी, कल्पना कुमारी, गीता कुमारी आदि उपस्थित रहें।

## बागमती नदी पर तटबंध निर्माण पर रोक के लिए जिलाधिकारी से मिला

लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

**गायघाट।** चास–वास–जीवन बचाओ बागमती संघर्ष मोर्चा का सात सदस्यीय प्रतिमंडल जिलाधिकारी से मिलकर बागमती नदी पर तटबंध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की। स्मार पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि कई साल पहले सरकार ने तटबंध निर्माण पर रोक लगाकर नदी विशेषज्ञों की एक रिव्यू कमिटी का गठन किया था। सरकार ने अधिसूचना जारी की थी कि तटबंध निर्माण पर रिव्यू कमिटी की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कारवाई होगी। लेकिन अभी तक रिव्यू कमिटी को प्रभावी ही नहीं बनाया गया है और न कोई रिपोर्ट आई है। लेकिन फिर से पुलिस–प्रशासन के बल पर निर्माण कंपनी तटबंध बनाने का काम शुरू कर दिया है जो सही नहीं है।जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल



को कहा कि इस आशय का पत्र प्रधान सचिव, जलसंसाधन विभाग, बिहार को भेजा जायेगा। प्रतिनिधि मंडल ने आग्रह किया कि निर्माण कार्य पर रोक लगाने का भी निर्देश जारी किया जाए। यदि निर्माण कार्य जारी रहता है तो जनता को आंदोलन में उतरना पड़ेगा। प्रतिनिधि मंडल में बागमती संघर्ष मोर्चा के संयोजक व माले नेता जितेन्द्र यादव, मोर्चा नेता नवल किशोर सिंह, जगन्नाथ पासवान, रणजीत सिंह, वैद्यनाथ मिश्र, मनोज यादव व विवेक कुमार शमिल थे।संयोजक जितेन्द्र यादव ने कहा है कि बागमती संघर्ष मोर्चा की फिर से बैठक कर आगे की रणनीति तय किया जायेगा। यदि तटबंध निर्माण पर रोक नहीं लगती है तो जल्दी ही बागमती के इलाके में एक महापंचायत बुलाया जायेगा।– चास–वास–जीवन बचाओ बागमती संघर्ष मोर्चा द्वारा जारी

## अर्बन पीएचसी बगहा:02 में डॉक्टर ज्योति कुमारी ने दो दर्जन से अधिक मरीजों का ईलाज की

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

तापमान में उतार चढ़ाव को लेकर बच्चों और बुजुर्गों आवश्यक सावधानियां बरते और साफ–सफाई और खान–पान दें विशेष ध्यान–– डॉक्टर ज्योति कुमारी बगहा।मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव से बीमारियों ने भी पैर पसारना शुरू कर दिया है। सरकारी अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। पिछले कुछ दिनों से मौसम के उतार–चढ़ाव से बच्चों और बुजुर्गों में बीमारी बहुत तेजी से बढ़ रही है। मंगलवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बगहा–2 में सर्दी, जुकाम, बुखार, गले में दर्द, शरीर के दर्द, थकान सहित त्वचा रोग से ग्रसित बच्चे, युवा और बुजुर्ग मरीज पहुंचे रहें। जहां अर्बन पीएचसी बगहा–02 की चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ज्योति कुमारी द्वारा दो दर्जन से अधिक मरीजों का बारी–बारी ईलाज कर उचित परामर्श देते हुए उन्हें आवश्यकतानुसार दवाईयां लेने



की सलाह दी साथ ही आवश्यक सावधानियां बरतने की बात कही।विभिन्न बीमारियों का ईलाज कराने आए कई मरीजों ने बताया कि मौसम में बदलाव से शरीर जकड़न व दर्द थकान, सर्दी, जुकाम और बुखार इत्यादि की शिकायत पिछले दो तीन दिनों से बढ़ गई है।डॉक्टर ज्योति कुमारी ने बताई कि तापमान में उतार चढ़ाव के कारण शरीर अपने आप को उसके अनुसार ढाल नहीं पाता। जिससे लोग बीमारियों के शिकार हो जाते हैं और इस बदलते मौसम में इम्युन सिस्टम कमजोर हो जाता है।ऐसे में सर्दी, जुकाम और बुखार की परेशानी आम बात हैं।इसमें शाम के समय पर्याप्त कपड़े पहनकर ही निकलना चाहिए।वही शरीर का थकान, दर्द और दाद, खुजली आदि जैसे बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को दिक्कत हो रही है। उन्होंने बताई कि मौसम में बदलाव अपने साथ बहुत सारी बीमारियां साथ ले आती है।इसलिए इस मौसम में बच्चों तथा बुजुर्गों को अत्यधिक सावधानी बरतने की जरूरत है।कभी सर्द और कभी गर्म मौसम होने के कारण सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, गले में दर्द, थकान जैसी बीमारियां लोगों को परेशान कर रही है।सबसे पहले बच्चे इनकी चपेट में आते हैं। बीमारियों से बचने के लिए बच्चों के कपड़ों को साफ रखना चाहिए तथा साफ–सफाई पर पूरा ध्यान रखना चाहिए और खान–पान पर विशेष तौर पर ध्यान देने की जरूरत है। तेलीय व फैट वाले भोजन से बचने की जरूरत हैं साथ ही आप इन तरीकों से बदलते मौसम में अपना ख्याल रख सकते हैं। खान–पान पर विशेष ध्यान दें।इसमें में पौष्टिक आहार लेना चाहिए, इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है साथ ही पर्याप्त पानी पीना चाहिए। मौसमी फलों एवं सब्जियों को खाना चाहिए।विटामिन सी वाले फल जैसे संतरा, नींबू का ज्यादा सेवन करें।डॉक्टर ज्योति कुमारी ने आगे बताई इस शुरुआती मार्च महीने में शिशुओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए। उनकी माताओं को भी खानपान में ध्यान देने की जरूरत है। अहले सुबह और शाम में शिशुओं और बच्चों को अत्यधिक कपड़े पहनाकर रखे।ताकि शिशु और बच्चे सुरक्षित रह सकें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अग्निकांड पीड़ितों के बीच ब्राह्मण महासभा ने की राहत व भोजन समाग्री वितरण



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। महिषी प्रखंड के नोकचा गाँव में भीषण आग लगने से चार घर जल कर खाक हो गया। आग इतनी भयानक थी की अग्निशमन विभाग की दमकल आने के बाद भी आग पर नियंत्रण हेतु कई घंटे कॉफ़ी मशक्कत करनी पड़ी। इधर पीड़ितों का रो रो कर बुरा हाल था। इसी बीच मौके पर पहुँच कर ब्राह्मण महासभा सहरसा ने पीड़ितों के बीच भोजन समाग्री वितरण की। वही सभी पीड़ित परिवार को चुरा, मुढ़ी, आटा, तेल, मसाला, साबुन, मोमबत्ती, माचिस सहित कई उपयोगी चीज बांटी गई। ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष डब्बू मिश्रा ने कहा की पीड़ित परिवार के साथ हम सब खड़े है। युवा समाजसेवी ब्राह्मण महासभा के कोषाध्यक्ष रौशन मिश्रा ने कहा की नर सेवा नारायण सेवा है। पीड़ित मानवता की निस्वार्थ भाव से सेवा ही परम धर्म है। ज्ञात हो कि हर आपदा विपदा में रौशन समाज सेवा मे सदैव लगे रहते है। साथ ही रोटी बैंक के माध्यम से प्रतिदिन बेसहारा भूखे लोगों को श्रद्धापूर्वक भोजन कर सेवा कार्य में तल्लीन है। सेवा में अमित कुमार दौलत और राहुल मुंतशिर भी रहें। सभी पीड़ित लोगो ने ब्राह्मण महासभा को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

### जनसुराज पार्टी के विस्तार अभियान के तहत जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता। प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत अन्तर्गत मनौरी गाँव में जनसुराज पार्टी के विस्तार अभियान के तहत जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों को जन सुराज पार्टी की विचारधारा को विस्तार से समझाया गया। साथ ही जन सुराज की नीतियों, बिहार के समग्र विकास और बिहार में स्वच्छ राजनीति की आवश्यकता पर चर्चा की गई। जन सुराज के पदाधिकारियों ने बताया कि जन सुराज जनता की भागीदारी से बिहार में एक मजबूत राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत कर रहा है। मौके पर जन सुराज के प्रति बढ़ते विश्वास को देखते हुए दर्जनों लोगों ने अपनी सदस्यता ग्रहण करते हुए और बिहार के बदलाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। इस अवसर पर संगठन जिला अध्यक्ष श्री कुमार मौलेश सिंह, अमीर राम ने मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में मौजूद थे।

### डॉ. राजीव कुमार के निधन से कटिहार के लोग शोकाकुल



लोकतंत्र की आवाज

कटिहार। कटिहार शहर निवासी डाक्टर कुमार गंगा नंद सिंह के बी.झा कालेज के प्रोफेसर पद से अवकाश प्राप्त शिक्षक के साथ-साथ जाने माने वरिष्ट पत्रकार के दमाद डाक्टर राजीव कुमार का हृदय गति से आकस्मिक निधन पटना के फोर्ड हॉस्पिटल में हो गया।उनके निधन से कटिहार जिला में शोक की लहर दौर गई है।डाक्टर कुमार गंगा नंद सिंह ने कहा कि डॉक्टर राजीव कुमार दरभंगा कमीशनरी के एक सफल सर्जन थे।वे मेडकाना अस्पताल के मालिक थे।जहां उनकी पत्नी भी एक सफल डाक्टर स्के रूप मेडिकाना हॉस्पिटल में स्त्री-रोग विशेषज्ञ एवं लेप्रोएस्कोपिक सर्जन सह.निदेशक कनुप्रिया मिश्रा कार्यरत हैं। डॉक्टर राजीव कुमार के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र आर्यन मिश्रा पिता को मुखाग्नि दिया। जब कि छोटा भाई आयुष्मान मिश्रा उम्र ग्यारह वर्ष सह कर्ता के दायित्व का निर्वाहन किया। डाक्टर कुमार गंगा नंद सिंह की इकलौती पुत्री डाक्टर कनुप्रिया मिश्रा है। कटिहार के गण्यमान्य लोगों ने डाक्टर राजीव कुमार के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है।

# 251कुमारी कन्याओं द्वारा कशल शोभायात्रा निकाली गई, 72घंटे का रामधुनि संकिर्तन यज्ञ की शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज

**चन्दन कुमार पासवान**

**सिमरी बख्तियारपुर/ सहरसा।** सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र के शर्मा टोला भगवती स्थान परिसर से पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 251 कुमारी कन्याओं द्वारा कलश शोभायात्रा शुक्रवार को निकाला गया। शौभायात्रा में डीजे गाजे-बाजे के साथ पीले परिधान में सजे माथे पर कलश लिए यह शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार, स्टेशन चौक, हटिया गाछी, सैनी टोला का भ्रमण में सैकड़ों महिला पुरूष एवं बच्चे भी शामिल हुए पुनः भगवती स्थान स्थित यज्ञ में तब्दील हो गया।

वहीं कलश शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात् शुक्रवार को 72 घंटे तक चलने वाली रामधुनि संकिर्तन एवं यज्ञ का शुभारंभ किया गया। यज्ञ को धर्मेन्द्र पंडित ने विधिवत रूप से हवन एवं वेदमन्त्र के उच्चारणों से हरे राम, हरे राम, राम राम हरे हरे,हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे के जय घोष से रामधुनि संकिर्तन यज्ञ की विधिवत रूप से शुरुआत किया। इधर मौके पर अखिल भारतीय पान महांसघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर आइपी गुप्ता, पूर्व मुखिया सह जदयू नेता ललन कुमार, महिला प्रदेश अध्यक्ष रिभा शर्मा, मेला कमिटी अध्यक्ष रोहित शर्मा, बेचन राम, लोजपा नगर अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद दूर्गेश पासवान, चंदन शर्मा सहित ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर टुनटुन शर्मा, बद्री शर्मा,जन सुराज नेता शमीम अनवर, आशिफ आलम, फेजुरहमान, गोपाल शर्मा, रविन्द्र कुमार, श्रवन कुमार, राजू कुमार शर्मा, राजपति शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सोनवर्षा राज: स्वच्छता प्रवेक्षक की ईमानदारी, सड़क पर गिरा पर्स, थाना में किया जमा



लोकतंत्र की आवाज

**सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता।** प्रखंड क्षेत्र के अतलखा में स्वच्छता प्रवेक्षक द्वारा सड़क पर गिरे एक महिला का पर्स वापस कर ईमानदारी का मिसाल कायम करने का सदप्रयास सामने आया है। इस कार्य करने के लिए थानाध्यक्ष अविनाश कुमार द्वारा स्वच्छता प्रवेक्षक जम्हरा गांव निवासी टुना यादव को पाग चादर पहना कर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार बुधवार दोपहर प्रवेक्षक टुना यादव को सोनवर्षा राज अतलखा मुख्य मार्ग पर एनएच प्लांट के समीप एक महिला का पर्स मिला। जिसमें एक स्मार्टफोन, कान के सोने का झुमका, हाथ का कंगन, चूड़ी, 500 नगद एवं अन्य उपयोगी सामान था।

जिसे लेकर टुना यादव सोनवर्षाराज थाना पहुंच कर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह से मिलकर सारी जानकारी देते हुए पर्स सौंप दिया। तत्पश्चात थानाध्यक्ष श्री सिंह ने मोबाइल के आधार पर पता लगाते हुए पर्स के वास्तविक महिला के पति नगर क्षेत्र निवासी मनोज गुप्ता के सुपुर्द कर किया दिया।

## जीविका द्वारा डीडीयू-जीकेवाई के तहत प्रशिक्षित युवाओं का मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**अररिया।** जीविका अररिया की ओर से दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार हासिल करने वाले युवाओं के लिए मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और उन्हें जीविका अररिया द्वारा सम्मानित किया गया।

डीडीयू-जीकेवाई के तहत युवाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाना और उनके जीविकोपार्जन में सहायता करना है। सम्मान समारोह का आयोजन होटल शाही पैलेस, अररिया के सभागार कक्ष में किया गया, जिसमें 30 पूर्ववर्ती युवक-युवतियों ने अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में संकुल स्तरीय संघ की पदाधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक श्री नवीन कुमार ने युवाओं को मन लगाकर कार्य करने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि डीडीयू-जीकेवाई एक सशक्त योजना है, जिसके माध्यम से बेरोजगार युवक-युवतियां प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं और अपने भविष्य को संवार सकते हैं। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी सह-प्रभारी प्रबंधक रोजगार श्री प्रमोद कुमार दत्ता, प्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन श्री शाह अनवारुल सुलेमान, प्रबंधक अधिप्राप्ति श्री धरमवीर कुमार, ट्रेनिंग ऑफिसर श्री नीर नीरज सहित कई अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# समेली में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग को जल्द पूरा करने का होगा प्रयास : तारिक अनवर

लोकतंत्र की आवाज

**प्रवीण कुमार, कटिहार।** सांसद तारीक अनवर ने समेली प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान अलग-अलग जगह पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से मिलकर जन समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान समेली के ग्रामीणों द्वारा सांसद तारीक अनवर को समेली में थाना स्थापित करने की मांग रखी गई ग्रामीणों ने कहा कि समेली में थाना स्थापित करने की मांग कई वर्षों से की जा रही है जिसपर सांसद तारीक अनवर ने सकारात्मक आश्वासन दिया है इसके अलावा सांसद तारीक अनवर ने अलग-अलग क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा किए गए सड़क-नाला निर्माण की मांग को सुन कर सकारात्मक आश्वासन दिया।



इस दौरान सांसद तारीक अनवर ने कहा की भले ही बिहार सरकार चौमुखी विकास का दावा करती है मगर अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां सड़क तक ग्रामीणों के लिए नहीं हैं जो काफी दुखद है। उन्होंने कहा कि समेली प्रखंड क्षेत्र में जहां-जहां सड़क और नाला का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है प्रयास होगा जल्द ही ग्रामीणों की मांग को पूरा किया जाए खासकर जो ग्रामीण की बहु प्रतीक्षित मांग है कि यहां थाना का स्थापना करना उसे मांग पर अति शीघ्र कार्य किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, पूर्व विधायक सुनीता देवी प्रदेश उपाध्यक्ष संयोगिता सिंह, अवधेश कुमार मंडल, संजय सुमन,अकबर अंसारी,महेश मंडल, चंदन दास,अभय झा, सत्यनारायण चौधरी, कौशल यादव, प्रमोद ठाकुर सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## एसएनएस कालेज में एआई विषय पर सेमिनार आयोजित करने का निर्णय

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय के शिक्षक प्रकोष्ठ में गुरुवार को शिक्षकों की एक बैठक प्रधानाचार्य प्रो डॉ अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक मे सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य ने इस विषय के बढ़ती उपयोग एवं गुण एवं दोष आदि पर संक्षिप्त जानकारी देते हुए विस्तृत चर्चा की आवश्यकता को रेखांकित किया।

उनके प्रस्ताव को सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए अग्रतार कार्रवाई करने हेतु महाविद्यालय आई क्यू ए सी को अधिकृत कर दिया गया। बैठक में डॉ सुधीर कुमार सिन्हा, डॉ अशोक, डॉ अवधेश कुमार मिश्रा, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ रंजय कुमार सिंह, डॉ महानंद सदा, डॉ अनंत कुमार सिंह, डॉ महेश कुमार, डॉ सुभाष कुमार, डॉ पूनम कुमारी, डॉ इंदु कुमारी, प्रो रीणा कुमारी, डॉ प्रेमलता, डॉ गायत्री कुमारी, डॉ सैयद रबाब फातमा, डॉ अनवारुल हक, डॉ संजीव शंकर सिंह, डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, डॉ अजीत कुमार सिंह, डॉ अनिरुद्ध कुमर, प्रो महेश कुमार , प्रो मुरारी, मनीष कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्रवण मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

## अग्निकांड में जलने वाली दुकानों के पुनर्निर्माण के लिए साहिल सौरभ ने प्रत्येक दुकानदार को पांच हजार रुपये की मदद दी

लोक तंत्र कीआवाज

**मुरलीगंज।** मधेपुरा जिले के मुरलीगंज प्रखंड स्थित डुमरिया और कोल्हायपट्टी बाजार में रविवार रात को एक बड़ी अग्निकांड की घटना घटित हुई। इस घटना में आठ दुकानें पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गईं, जिससे दुकानदारों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया। इन दुकानदारों के पास अपने परिवार की भरण पोषण का मुख्य स्त्रोत उनकी दुकानें ही थीं।

घटना की सूचना मिलते ही युवा समाजसेवी और नेता साहिल सौरभ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित दुकानदारों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और सांत्वना दी। साहिल सौरभ ने कहा, ₹अग्निकांड में दुकानों के जलने से इन दुकानदारों का रोजगार छिन गया है। ऐसे में यह जरूरी है कि किसी भी रूप में इनकी मदद की जाए।

साहिल सौरभ ने तत्काल राहत



प्रदान करते हुए प्रत्येक पीड़ित दुकानदार को पांच-पांच हजार रुपये की नगद राशि दी। उन्होंने यह भी कहा कि इन दुकानदारों को पुनः अपनी दुकानें स्थापित करने के लिए अधिक वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। साथ ही, उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि अग्नि पीड़ित दुकानदारों को सम्मानजनक मुआवजा उपलब्ध कराया जाए ताकि वे जल्दी से अपने व्यवसाय की शुरुआत कर सकें और अपने परिवार की देखभाल कर सकें।

साहिल ने यह भी भरोसा दिलाया कि अगर भविष्य में कोई और कठिन परिस्थिति उत्पन्न होती है, तो वह हमेशा मदद के लिए तैयार रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व मुखिया राकेश रौशन, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि राकेश राम, श्रीकांत यादव, विजय यादव, रामचन्द्र यादव, धनिक लाल यादव, विवेक साह, विशुनदेव ठाकुर, कलानंद ठाकुर, बेचन साह, बौकू रजक, जोगो यादव, अभिनंदन यादव और काशी राम समेत कई अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार गोष्ठी में डॉ. सोनी सिंह मुख्य अतिथि व डॉ. प्रकाश प्रियांशु होंगे मुख्य वक्ता

लोक तंत्र कीआवाज

**जयनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की अनुषांगिक इकाई डी. बी. कॉलेज, जयनगर में प्रधानाचार्य डॉ नंद कुमार के नेतृत्व में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। विद्वत है कि उक्त कार्यक्रम में वर्तमान परिवेश में नारी सशक्तिकरण और उसके सशक्तिकरण की प्रासंगिकता पर शिक्षाविदों द्वारा चर्चा किया जाएगा, गोष्ठी के मुख्य अतिथि इग्नू दरभंगा के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सन्तन राम होंगे।

आयोजक वाणिज्य विभागाध्यक्ष व आर. एस. एजुकेशनल फाउंडेशन के महासचिव डॉ शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम में भारत




के कोलकाता से वरिष्ठ साहित्यकार प्रकाश प्रियांशु, वाराणसी के वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. एच.के. सिंह, प्रो. मीरा सिंह, प्रयागराज की डॉ. रिंकू सिंह, डॉ. रूपम मिश्रा, दरभंगा की वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. सोनी सिंह, डॉ. जयशंकर सिंह, डॉ. पुष्पा, डॉ. जमील हसन अंसारी संबोधित करेंगे। गोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि, विचार गोष्ठी में नेपाल, भूटान, दक्षिण अफ्रीका सहित उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, दिल्ली, झारखंड, पश्चिम बंगाल के सैकड़ों शोधार्थी व शिक्षक आभाषी रूप से प्रतिभाग करेंगे।

# अररिया में बिहार राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) की बैठक

लोक तंत्र कीआवाज

**डा. रूद्र किंकर वर्मा**

**अररिया ।** शुक्रवार को बिहार राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) की जिला इकाई की बैठक सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप की अध्यक्षता में सिविल सर्जन कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में भासा के जिलास्तरीय कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी को सरकार के साथ लंबित मुद्दों पर बातचीत करने और राज्य कार्यकारिणी से समन्वय स्थापित करने के लिए अधिकृत किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संगठन अपने उद्देश्यों को साकार करने के लिए सभी चिकित्सकों के साथ मिलकर काम करेगा।

नवगठित कार्यकारिणी में सिविल



सर्जन डॉ. केके कश्यप को जिला अध्यक्ष चुना गया, जबकि डॉ. मोईज, डॉ. जहांगीर, और डॉ. जमील अहमद को उपाध्यक्ष के पद पर चयनित किया गया। सचिव पद पर डॉ. जीतेंद्र प्रसाद, संयुक्त सचिव पद पर डॉ. राजीव बसाक और डॉ. पीके निराला का चयन किया गया।

कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. अहमत राणा, संयुक्त कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. दीपक, जिला प्रवक्ता पद पर डॉ. आकाश और रोहित कुमार झा को नियुक्त किया गया। साथ ही, डॉ. प्रदीप कुमार और डॉ. संतोष कुमार को जिला समन्वयक के रूप में चुना गया।

- **नई कार्यकारिणी का गठन, सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप को जिला अध्यक्ष, महत्वपूर्ण पदों पर अन्य चिकित्सकों की नियुक्ति**

कार्यकारिणी के अन्य सदस्य के रूप में डॉ. राजा रमण, डॉ. मार्त्यणंड, डॉ. सुनील, डॉ. पंकज, डॉ. ओपी मंडल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित सभी एमओआईसी और एमबीबीएस चिकित्सक शामिल किए गए।

संगठन के पदाधिकारी ने एकजुट होकर अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया और कहा कि वे जल्द ही राज्य कार्यकारिणी से मिलकर सरकार से लंबित मुद्दों पर वार्ता करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला शिक्षा अधीक्षक ने मुखियाओं के साथ किया एकदिवसीय सम्मेलन



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड) जिला शिक्षा अधीक्षक सह कार्यक्रम पदाधिकारी हजारीबाग के प्रावधान में जिले भर के मुखियाओं के साथ एकदिवसीय सम्मेलन कर शिक्षा पर विशेष संगोष्ठी का कार्यक्रम चलाया गया मुख्य अतिथि हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने पंचायत में विद्यालयों को एवं शिक्षा पर विशेष रुचि लेकर संचालन करने वाले मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जिसमें बिष्णुगढ़ प्रखंड के सारुकुदर मुखिया उत्तम कुमार महतो सह मुखिया संघ अध्यक्ष को प्राप्त हुआ है मुखिया उत्तम कुमार ने विशेष पुरस्कार पाकर हर्षित होते हुए बताया कि हमारा गांव शहर से काफी सुदूर इलाके में है जहां उच्च विद्यालय का संचालन किया जा रहा है मेरे विद्यालय में हजारों बच्चे पठन-पाठन करते हैं तथा दर्जनों शिक्षक अपनी सेवा से बच्चों को जागृति देने का काम करते हैं मैं अपने माध्यम से चाहता हूं कि वहां के बच्चे होनहार हों तथा आगे जाकर गांव समाज का नाम रोशन करें।

### विधायक सुखराम ने विधानसभा में उठाया जर्जर रानी रसाल मंजारी आदिवासी कन्या छात्रावास का मुद्दा, 400 बेड के नए छात्रावास की मांग



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चक्रधरपुर(झारखंड)। विधायक सुखराम उरांव ने गुरुवार को विधानसभा में रानी रसाल मंजारी आदिवासी बालिका कन्या छात्रावास की जर्जर स्थिति का मामला उठाया। उन्होंने 400 बेड के नए छात्रावास की भी मांग की। अपने प्रश्न में, विधायक उरांव ने कहा कि चक्रधरपुर नगर में रानी रसाल मंजारी आदिवासी बालिका कन्या छात्रावास राजा अर्जुन सिंह के समय में बनी एक ऐतिहासिक धरोहर है। पूर्व में 300 छात्राएँ यहाँ रहकर पढ़ाई करती थीं, लेकिन वर्तमान में केवल 50 छात्राएँ ही हैं। छात्रावास की जर्जर स्थिति के कारण छात्राओं को बरसात के दिनों में प्लास्टिक बांधकर पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। विधायक उरांव ने सरकार से इस ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने और छात्राओं के हित में 400 बेड का नया छात्रावास बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि यदि सरकार ऐसा करने का विचार रखती है, तो कब तक और यदि नहीं, तो क्यों। विभाग द्वारा विधायक के प्रश्न के जवाब में उत्तर दिया गया कि, विभागीय पत्रांक-2646, दिनांक 27.09.2024 और विभागीय पत्रांक-562, दिनांक 25.02.2025 के माध्यम से, उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम से रानी रसाल मंजारी कन्या छात्रावास की मरम्मत/जीर्णोद्धार उद्याळ या राज्य योजना से कराने के लिए कार्य योजना और अनुमान विभाग को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। उपरोक्त स्थिति से यह स्पष्ट है कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और छात्रावास की मरम्मत या पुनर्निर्माण के लिए कदम उठा रही है।

### सिद्धू कान्हू सह सावित्रीबाई फुले पुस्तकालय गिरिडीह शहर के विद्यार्थियों की आवश्यकता

लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह, झारखंड। सिद्धू कान्हू सह सावित्रीबाई फुले पुस्तकालय गिरिडीह शहर के विद्यार्थियों की एक आवश्यकता थी। यह पता चलता है इस पुस्तकालय में प्रवेश करने के बाद। सिद्धू कान्हू सह सावित्रीबाई फुले पुस्तकालय का उद्घाटन गिरिडीह सदर विधायक सह मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग ,उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदीव्य कुमार जी ने 1 फरवरी 2025 को किया था वास्तव में इसकी निहायत ही आवश्यकता थी साथी साथ अब जो परिदृश्य उभर कर सामने आ रही है वह यह की हर एक दृष्टिकोण से उचित गिरिडीह नगर निगम अंतर्गत कम से कम दो पुस्तकालयों की ओर आवश्यकता जान पड़ती है क्योंकि प्राइवेट पुस्तकालय जिस तरह से सुविधा विहीन बावजूद भी अपनी पैर पसारते जा रहे हैं यह विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। प्राप्त जानकारी अनुसार इस पुस्तकालय में अभी निर्माण कार्य चल ही रहा है इसके बावजूद30 से 35 छात्र आते हैं उसमें की पांच छात्राएं भी है फिलहाल निरीक्षक के तौर पर उपायुक्त कार्यालय में एमटीएस के पद पर कार्य कर रही मालोति कुमारी बेसरा जी कार्य कर रही है।

# कतरास नगर निगम के नाम पर गुहीबांध में वसूली करने वालो ने टोटो चालक को पीटा

**बीमार बच्चा को लेकर जा रहा था अस्पताल, महिला के साथ किया बदसलुकी, हाथ से बच्चा भी गिरा**



लोक तंत्र कीआवाज

**कतरास।** कतरास थाना क्षेत्र के गुही बांध में नगर निगम के नाम पर वसूली करने वालों ने आज एक टोटो चालक को पीट दिया टोटो चालक एक छोटा बच्चों को लेकर इलाज के लिए कतरास अस्पताल जा रहा था। नगर निगम के नाम पर वसूली करने वालों ने तोतों को रुकवाया टोटो वाले ने कहा मैं साइड करके रोकता हूं टोटो रोकने से पहले ही वसूली करने वालों ने टोटल चालक पर हमला कर दिया तोतों में टोटो चालक की पत्नी और बीमार बच्चा बैठा हुआ था। जब महिला ने विरोध किया तो महिला के साथ भी हाथापाई करने लगे जिसके कारण बच्चा भी टोटो में ही गिर गया और बच्चे के माथे में भी चोट लग गई। ऐसा महिला का कहना है।इसके बाद मरीज के परिजन दर्जनों की संख्या में गुहिबांध के पास पहुंच गए और वसूली करने वालों के बीच और परिजनों के बीच जमकर मारपीट हो गईबताते चले कि इससे पहले भी गुहीबांध में कई बार वसूली को लेकर विवाद हो चुका है।

सूत्रों की माने तो नगर निगम के द्वारा कतरास बस स्टैंड में वसूली की अनुमति दी गई है ,जबकि अवैध रूप से गुहीबांध कतरास मुख्य मार्ग पर वसूली की जाती हैं। जिसको लेकर कई बार जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है, और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, और मामला को शांत कराया। फिलहाल कतरास थाना में एक पक्ष आवेदन देने की तैयारी में जुटा है।

## अंगार पथरा में नाली से उठ रही बदबू, स्थानीय लोग परेशान है



लोक तंत्र कीआवाज

**कतरास।** कतरास अंचल के वार्ड संख्या 4 के अंगार पथरा क्षेत्र स्थित मुख्य मार्ग से गुजरने वाली नाली से अत्यधिक बदबू आ रही है, जिससे यहां रहने वाले लोगों का जीवन बेहाल हो गया है एवं यही नहीं पूरे वार्ड चार के अंदर जितने भी नाली आते हैं सभी का हाल बी हाल है जिससे बहुत सारी बीमारियां और लोगों को रहने में अत्यधिक परेशानी हो रही है पर नगर निगम के कान में या नाक में ना तो बात जाती है ना बदबू क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस समस्या से निजात पाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

वार्ड संख्या 4 की भावी पार्षद उम्मीदवार वंदना सिन्हा ने इस समस्या पर अपनी चिंता जताते हुए कही कि ₹ अंगार पथरा तथा पूरे वार्ड 04 में कहीं भी पिछले 10 सालों में निगम द्वारा कोई भी योजना नहीं आई है। वर्तमान पार्षद राममूर्ति सिंह उर्फ छोटू सिंह और कतरास अन्चल नगर निगम के पदाधिकारी ने सिर्फ अपनी जेब भरने का काम किया है, जबकि इलाके की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया।₹ वर्तमान पार्षद बिते 10 सालों में उन्होंने सिर्फ और सिर्फ अपने आवास के आसपास और अपने आवास का एक अच्छा बार्ड बनाने का काम किया है बाकी के पूरे इलाके को विकास से वंचित रखा है,,।

स्थानीय लोग चाहते हैं कि निगम इस समस्या का जल्द समाधान निकाले ताकि उनकी परेशानी का अंत हो सके और क्षेत्र का विकास सही दिशा में हो।

## उपायुक्त ने सड़क जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** पंचायत स्तरीय सड़क सुरक्षा अभियान पर हजारीबाग उपयुक्त नैंसी सहाय ने जागरूकता रथ रवाना किया है. जागरूकता रथ विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी. कार्यक्रम का समापन 30 अप्रैल को होगा. हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा जीवन अनमोल है. सड़क सुरक्षा नियम का पालन नहीं करने से कई लोगों की जान चली जाती है. हर एक व्यक्ति को सड़क सुरक्षा नियम का पालन अवश्य करना चाहिए. उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा में किसी व्यक्ति की जान बचाने पर प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है. जिसकी जानकारी सिविल सर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराया जाता है. सिविल सर्जन कार्यालय जिला प्रशासन के जरिए राशि दिया जाता है ।

## झारखंड में महिला नेताओं को मजबूत करेगी कांग्रेस! संगठन में दी जाएगी जगह

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** झारखंड में कांग्रेस खुद को मजबूत करने में जुटी है. कांग्रेस के शीर्ष नेता प्रदेश के सभी क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और संगठन की खामियों को समझकर उसे दूर करने का प्रयास कर रहे हैं. वहीं कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के. राजू ने पार्टी संगठन में बदलाव के संकेत दिए हैं. कांग्रेस के अंदर एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को पार्टी में पर्याप्त स्थान देने पर काम किया जा रहा है. दरअसल इस संबंध में रायपुर अधिवेशन में एक प्रस्ताव भी पारित हुआ था.

**झारखंड में मजबूत नेतृत्व तैयार करना पहली प्राथमिकता: के. राजू:** झारखंड में कांग्रेस पार्टी महिला और युवा वोटर्स से सीधे जुड़ने के लिए इन



दोनों की वर्ग पर फोकस कर रही है. इसी कड़ी में महिलाओं को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी देने की योजना पर पार्टी काम कर रही है. इस मामले में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू का कहना है कि आने वाले वक्त में महिला आरक्षण लागू होगा. इसी को ध्यान में रखते हुए महिला नेताओं को मजबूत किया जा रहा है और झारखंड में लीडरशिप तैयार की जा रही है. महिला आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा एवं विधानसभा प्रभावित होगी, इसी बात को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस खुद को तैयार रखेगी.

**हर क्षेत्र से फीडबैक ले रहे हैं प्रदेश प्रभारी :** दरअसल के. राजू पलामू के दौरा पर थे. इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी मौजूद थे. पलामू में प्रमंडल स्तरीय बैठक संपन्न हुई है. जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं. बैठक के दौरान कुछ देर के लिए हंगामा भी हुआ था. लेकिन एक लंबे अरसे बाद पलामू में कांग्रेस को झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल में जगह मिली है. 2009 के विधानसभा चुनाव के बाद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे और केएन त्रिपाठी झारखंड सरकार में मंत्री बने थे. विधानसभा चुनाव के दौरान पलामू के इलाके में किसी भी महिला नेत्री को टिकट नहीं दिया गया था. जबकि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने राजद के टिकट पर लड़ रही महिला ममता भुईयां का समर्थन किया था।

## कटकमदाग थाना में होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** कटकमदाग थाना परिसर में अंचलाअधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में आगामी होली एवं रमजान महापर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई । बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी शिव बालक प्रसाद थाना प्रभारी पंकज कुमार के अलावे शांति समिति के सदस्य जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए थे



इस अवसर पर अंचलाधिकारी ने कहा कि कटकमदाग क्षेत्र पहले से ही आपसी भाईचारे का प्रतीक रहा है तथा पूर्व की भांति आने वाले त्योहारों को भी हम सभी मिलजुल कर एवं शांतिपूर्वक मनाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए थाना क्षेत्र के सभी जगह पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी उन्होंने कहा कि पुलिस वैसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करेगी जो आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास करेंगे सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम आदि पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर है तथा ऐसा करने वालों के ऊपर पुलिस नजर बनाए हुए हैं बैठक में शांति समिति के सैंकड़ों लोग सामिल हुए।

## गिरिडीह में कॉमर्स ऑफ चैंबर्स की बैठक जिसमें उपयुक्त गिरिडीह भी शामिल हुए

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** उपयुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सदर एसडीओ श्रीकांत विसपुथे डीएफओ मनीष तिवारी यह सभी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स की आम बैठक में शामिल हुए परंतु उपयुक्त गिरिडीह ने कहा कि छोटे कारोबारी की परेशानियों से चेंबर ऑफ कॉमर्स को अवगत होना जरूरी है। बहुत ही मारकेबल बात कहीं उपयुक्त गिरिडीह ने। वास्तव में यह बहुत ही गंभीर, गहन सोच से निकली हुई बात लगती है ।




गिरिडीह में चैंबर ऑफ कॉमर्स यानी व्यवसायों का संगठन बोले तो व्यापार मंडल व्यापार मंडल शब्द हमारे कुछ पाठक बंधुओ ने अवश्य ही सुन रखा होगा। अभी का समय कहते हैं सोशल मीडिया का है मेरा मतलब किसी वस्तु का मूल्य कब बढ़ाना है कब घटना है या उससे संबंधित और भी कोई बात यह पलक झपकने से पहले ही आजकल तय कर हो जाया करती है इसमें सबसे अधिक परेशानी यदि कोई झेलता है तो वह है छोटा कारोबार करने वाला कारोबारी व्यक्ति जिसके दर्द को समझते है हुए उपायुक्त गिरिडीह में बहुत ही गंभीर और बाजार के अंदर के एक दर्द को चेंबर ऑफ कॉमर्स को समझाने का प्रयास किया है जिसकी हम सबों को सराहना करनी चाहिए। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स सरकार के साथ मिलकर काम करता है इस सरकार के सहयोग की आवश्यकता है तथा सरकार को इसके शनि देव की आवश्यकता पड़ती है बावजूद इसके छोटे कारोबारी के हितों पर प्रथम दृष्टि ध्यान देना बहुत ही उच्च कोटि की बात है।

## जोरिया नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए आरसीएमयू और जोगता नागरिक समिति ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस, उग्र आंदोलन की चेतावनी

लोक तंत्र कीआवाज

**सिजुआ।** जोरिया नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए आरसीएमयू और जोगता नागरिक समिति ने संयुक्त रूप से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा (पलटू) ने बताया कि नदी का जलस्तर लगातार घटता जा रहा है और अवैध खनन के कारण इसका पानी सूख रहा है। यह नदी न सिर्फ ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसके किनारे स्थित श्मशान घाट भी स्थानीय समुदाय के लिए बेहद जरूरी है।



आरसीएमयू के पप्पू खान ने बताया कि इस गंभीर मुद्दे को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन और प्रशासन को पहले भी सूचित किया गया था, लेकिन अवैध खनन अब भी जारी है। यदि जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

संयुक्त रूप से इस लड़ाई को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताते हुए समिति के सदस्यों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि किसी भी कीमत पर जोरिया नदी के अस्तित्व को समाप्त नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर मंगल चौहान, बिंदवा देवी, हसीब खान, मन्नू महतो, अजय कुमार, मोहम्मद आजाद, जितेश, सोनू सिंह, अरमान अंसारी, मोहम्मद मोबीन समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** सांसद मनीष जायसवाल ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का अवचक निरीक्षण किया इस क्रम में उन्हें कई तरह के अनियमितताएं देखने को मिले जिस पर कॉलेज सुपरिंटेंडेंट को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने पूछा कि आपके माध्यम से व्यवस्थाओं में सुधार का क्या पहल किया जा रहा है। आए दिन यहां मरीज का भीड़ होता ही है और आपके कर्मचारी डॉक्टर समय पर नदारत रहते हैं क्या आपने आज तक किसी स्टाफ को शो कॉज किया है, किसी का वेतन रुका है।

लोग खुलेआम चर्चा करते हैं की अगर मरीजों कंबल दिया जाता है तो




?100 पहले एडवांस ले लिया जाता है तथा व्हीलचेयर की आवश्यकता पड़ने वाले मरीज से भी आपके लोग पहले राशि लेते हैं या कोई सामान अपने पास रख लेते हैं क्या यही इंसानियत है उन्होंने अपने वार्ता में यह भी कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री विधानसभा में बड़ी-बड़ी बातें डिंग हॉकते हुए कहते हैं की सभी अस्पतालों का संचालन बेहतर हो रहा है सभी मरीजों को सुलभ सुविधा मिल रहा है क्या इसी को हम कहते हैं बेहतर उन्होंने अपने तेवर में कहा कि अगर आप लोग इसे ठीक नहीं करते हैं तो हमारे लोग ही स्वयं समय-समय पर ठीक करने का काम करेंगे अन्यथा हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज को आप सुदृढ़ करते हुए मरीज को सही उपचार मुहैया करावें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा
पकरीबरावां।
पकरीबरावां प्रखण्ड की दक्षिणी ग्राम पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज में शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान लाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मुकेश कुमार एवं शिक्षक पंचम कुमार, फरहत जहां एवं अर्चना भारती के हाथों बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वर्ग एक से पांच में आयोजित गणित ओलंपियाड में प्रिंस कुमार को प्रथम स्थान मिला है। पेंटिंग में पूनम कुमारी एवं क्विज में प्रिंस कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह वर्ग छह से आठ में स्मिति कुमारी ने गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त की। सुषमा कुमारी ने पेंटिंग में प्रथम स्थान जबकि स्मिति कुमारी ने क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त की। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### बीईओ ने किया खेल मेला का उदघाटन

लोकतंत्र की आवाज



धर्मेंद्र कुमार शर्मा
पकरीबरावां। पकरीबरावां प्रखंड की डुमरावां पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खपुरा में शुक्रवार को खेल मेला आयोजित की गई। यह आयोजन नव चेतना विकास केंद्र के द्वारा छलांग परियोजना की कॉर्डिनेटर पूजा कुमारी के नेतृत्व में किया गया। खेल मेला का उदघाटन प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सुशील कुमार, एमडीएम के साधनसेवी संजय कुमार एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कॉर्डिनेटर ने बताया कि खेल मेला के अंतर्गत स्टैंडिंग खो—खो, क्लैप द ट्रेजर, रैली रेस, रस्सी खींच, अंधा ड्राइवर जैसे खेल कराया गया, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिका काफी उत्साह पूर्वक भाग लिए। उन्होंने बताया कि इस तरह के खेल से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास के साथ—साथ बौद्धिक विकास भी होता है' छलांग परियोजना के माध्यम से पूरे प्रखंड के 12 विद्यालयों में इस तरह का कार्यक्रम एक वर्ष से चल रहा है। इस अवसर पर शिक्षक अजीत कुमार, अमित कुमार विनीत, सुनिता देवी, श्रीनिवास सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### जानकी नगर में सड़क निर्माण में गड़बड़ी, ग्रामीणों में रोष



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
बरहरवा। जानकी नगर गांव से जानकी नगर ईदगाह तक बन रही सड़क में और अनियमिता किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस अनियमितता के खिलाफ आज पूर्व एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम जी से मुलाकात की और अपनी शिकायत दर्ज कराई। और कॉन्टैक्टर से पूछा जाने पर बताया गया कि जानकीनगर के कुछ दलाल धमका के कुछ पैसा लिया है और जबरदस्ती अपने निजी जगह में ढलाई करवाया है। अजहर इस्लाम जी ने कॉन्टैक्टर को बोला कि जो भी काम होगा वह एस्टीमेट के अनुसार होगा और एस्टीमेट के अनुसार काम करने से वह ठेकेदार का मदद भी करेगा की कोई उसे परेशान नहीं कर सके ताकि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न ना हो और जनता को अच्छी गुणवत्ता की सड़क मिले। जनता की आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता! अगर आपके इलाके में भी कोई ऐसा भ्रष्टाचार हो रहा है, तो अपनी आवाज़ बुलंद करें!

# देश के पीएम एवं प्रदेश के सीएम की घोषणाओं का उत्तर प्रदेश पुलिस पर नहीं पड़ता कोई असर

लोकतंत्र की आवाज



● पत्रकारों को धमकाने पर रु. 50,000 जुर्माना, 24 घंटे के अंदर जेलः मोदी

रिपोर्ट मुकेश सिंह
**लखनऊ।** भारत में पत्रकारिता संकट के दौर से गुजर रही है। उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर थाना नजीबाबाद के चौकी गंग नहर क्षेत्र के गांव जसवंतपुर 10जनवरी 2025 को पत्रकार के घर मे घुसकर मिट्टी खनन ठेकेदार ने अपने 30,35 बदमाशो को साथ घर मे घुसकर पत्रकार के पत्नी और बच्चे के साथ लूटपाट और मारपीट करने वालो के खिलाफ कार्रवाई नही कर पाई क्योंकि मिट्टी का अवैध खनन पुलिस प्रशासन की मिली भगत के चलते ही किया जा रहा था तथा चौकी पर तैनात चौकी इंचार्ज मोहम्मद कयूम अवैध मिट्टी के खनन के ठेकेदारों के साथ चोली दामन का साथ है।

सूत्र के अनुसार आए दिन उनसे आयेदिन मुर्गी मांस खाकर मोटी रकम लेकर अपने चौकी क्षेत्र मे रातभर मिट्टी का अवैध खनन तथा आम के हरे भरे पेड़ों का कटान कराया जा रहा है क्योंकि लगातार लगभग 2 वर्षों से एक ही जगह उपरोक्त चौकी इंचार्ज गंग नहर चौकी पर ही तैनात है और पत्रकार के द्वारा 9 जनवरी 2025 को मिट्टी का अवैध खनन उपजिला अधिकारी को सूचित करके बन्द कराया गया था जिस प्रकार पत्रकारों की आवाज को बुलंद करने वाले पत्रकारों पर दिनोंदिन हमले तेज होते जा रहे हैं। भारत को पत्रकारों की सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक देशों की रैंक में रखा गया है। देश में हर साल सैकडों पत्रकार रिपोर्टिंग करते वक्त अपनी जान गंवा देते हैं। न्यूज कवर करते समय पत्रकारों को डराना—धमकाना आम बात हो गई है। लेकिन अब पत्रकारों को इस तरह की धमकियां देने वालों की खैर नहीं। अगर अब किसी ने पत्रकारों से अभद्रता की तो उसे जेल जाना पड़ सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और पीएम नरेंद्र मोदी ने घोषणा कर दी है कि जो पत्रकारों से अभद्रतापूर्वक व्यवहार करेगा या धमकाने की कोशिश करेगा उस पर 50

**हजार रुपये तक का जुर्माना :** लगाया जा सकता है। साथ ही उसे तीन साल तक की जेल भी हो सकती है, योगी ने कहा कि धमकी के आरोप में गिरफ्तार लोगों को आसानी से जमानत नहीं मिलेगी। इसलिए पत्रकारों से किसी भी प्रकार की अभद्रता न करें और पत्रकारों को सम्मान दें। पिछले दिनों महाराष्ट्र में मीडियाकर्मियों पर किसी भी तरह की हिंसा या मीडियाकर्मियों एवं मीडिया संस्थानों की संपत्तियों का नुकसान पहुंचाया गया था पत्रकारों पर हमलों के अधिकांश मामले सामने आते ही रहते है। सीएम योगी आदित्यनाथ का कहना है कि अगर किसी पत्रकार को किसी भी तरह की परेशानी होती है तो उनसे तुरंत संपर्क करे धमकाने वाले व्यक्ति को 24 घंटे के अंदर जेल भेजा जाएगा। सीएम योगी ने सख्त लहजे में कहा पत्रकारों से मान सम्मान से बात करिए वर्ना आपको महंगा पड़ सकता हैं।

## लाखों रुपये का नुकसान, चोरी और आगजनी की घटनाओं के बाद खोला गया होटल एसडीएम पैराडाइज होटल की सील



लोकतंत्र की आवाज

**अररिया।** अररिया शहर के बस स्टैंड स्थित एसडीएम पैराडाइज होटल को आखिरकार न्यायालय के आदेश पर खोला गया, लेकिन इसके साथ जुड़ी कई गंभीर सवालों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। होटल को करीब दो साल पहले अररिया पुलिस द्वारा सील किया गया था, लेकिन सील होने के बावजूद यहां लगातार चोरी और आगजनी की घटनाएं होती रही, जिनसे होटल के मालिक संजय कुमार मिश्रा को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

गुरुवार को दंडाधिकारी सह अररिया अंचल के राजस्व अधिकारी शंभू साह की मौजूदगी में नगर थाना पुलिस ने होटल का सील खोला। इस दौरान, होटल के अंदर चोरी की घटनाओं के साथ-साथ आगजनी की भी कई घटनाएं हुईं, जिससे होटल के महंगे फर्नीचर, इंटीरियर्स और अन्य महत्वपूर्ण सामान जलकर राख हो गए। होटल मालिक ने कहा कि इस नुकसान में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है और प्रशासन की लापरवाही के कारण यह सब हुआ।

**प्रशासन की लापरवाही पर उठ रहे सवाल**
1. न्यायालय के आदेश के बावजूद इतनी देरी से होटल का सील क्यों खोला गया? क्या प्रशासन ने जानबूझकर इस आदेश को नजरअंदाज किया?
2. सील करने के समय क्या अनुमंडल दंडाधिकारी से अनुमति ली गई थी? अगर नहीं, तो किस उच्चाधिकारी ने सील करने का आदेश दिया था?
3. न्यायालय के आदेश पर समय पर कार्रवाई होती तो क्या इस नुकसान को रोका जा सकता था? अब इस नुकसान की भरपाई कौन करेगा?

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने प्रशासन की निष्क्रियता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि प्रशासन समय रहते उचित सुरक्षा उपाय करता, तो चोरी और आगजनी की घटनाओं को रोका जा सकता था। इसके बावजूद, होटल का सील खोले जाने में काफी देरी हुई, जिससे होटल का नुकसान और बढ़ गया।

## विधि व्यवस्था को लेकर एसडीओ एवं एएसपी ने की बैठक



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे के अध्यक्षता में विधि व्यवस्था से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अनुमंल क्षेत्र के अंतर्गत अचंल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष बैठक में उपस्थित थे। इस बैठक में विधि व्यवस्था से संबंधित कई बि न्दुओं पर चर्चा कि गयी, जिसमें आगामी पर्व त्योहार को देखते हुए किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो शांति पूर्वक त्योहार को मनाया जा सके इन सभी बातो को ध्यान में रखते हुए अनुमंल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कड़ी शब्द में नियंत्रित पदाधिकारी को निर्देश दिए।

## मुजफ्फरपुरः नाबालिग को खेत में ले जाकर 6 युवकों ने की दरिंदगी, पुलिस ने 2 को दबोचा

लोकतंत्र की आवाज



दीपक कुमार
**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. मनियारी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग छात्रा के साथ आधा दर्जन युवकों ने गैंगरेप किया. यह घटना 1 मार्च की रात को हुई थी, लेकिन पीड़िता और उसके परिवार ने इसकी शिकायत पुलिस को 6 मार्च को दी. पीड़िता ने बताया कि उसकी मां उस दिन डॉक्टर के पास गई थी और वह घर पर अकेली थी. इसी दौरान गांव का एक युवक, जिससे उसकी पहले से बातचीत होती थी, उसे बहाने से खेत में ले गया. वहां पांच अन्य युवक भी आ गए और सभी ने मिलकर इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया.

पीड़िता के अनुसार, इन युवकों ने न सिर्फ उसके साथ जबरदस्ती की, बल्कि इस घटना का वीडियो भी बनाया. घटना के बाद कई दिनों तक गांव में इसे पंचायत के जरिए सुलझाने की कोशिश हुई, लेकिन कोई हल नहीं निकला. आखिरकार, 6 दिन बाद पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर मनियारी थाना में शिकायत दर्ज की. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत कार्रवाई शुरू की. पीड़िता का कहना है कि उसने शुरू में डर की वजह से किसी को नहीं बताया, लेकिन परिवार के समर्थन से वह आगे आई.

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई. ग्रामीण एसपी विद्यासागर ने बताया कि 6 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई और जांच शुरू की गई. अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसमें वह युवक भी शामिल है जो पीड़िता को खेत में ले गया था. बाकी चार आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है. पीड़िता और आरोपियों का मेडिकल परीक्षण भी करवाया गया है ताकि जांच में कोई कमी न रहे.

पुलिस का कहना है कि बाकी आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा. इस घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है और समाज में कई सवाल खड़े किए हैं. आखिर इतने दिनों तक मामला क्यों दबा रहा? पंचायत स्तर पर इसे सुलझाने की कोशिश क्यों की गई? लोग इस घटना से आक्रोशित हैं और पीड़िता को इंसाफ दिलाने की मांग कर रहे हैं. पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सभी दोषियों को सजा मिलेगी.

## डकोर पुलिस द्वारा जुआ खेल रहे 9 जुआरियं को गिरफ्तार किया उनके कब्जे से 60813 रूपये व 6 मोबाइल 8 बाइक बरामद की

लोक तंत्र की आवाज




**डकोर उरई ।** थाना डकोर पुलिस द्वारा जुआं खेल रहे 09 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मालफड़/जामातलाशी 60,813/— रूपये एवं 06 अदद मोबाइल फोन व 08 अदद मोटरसाइकिल बरामद की गयी, जिसके सम्वन्ध में थाना डकोर में जुआ अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण : . यासीन राइन पुत्र स्व0 मुनीम राइन निवासी मुहल्ला सदनपुरी थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन। रवीन्द्र कुमार पुत्र केशराम कुशवाहा निवासी ग्राम चिल्ली थाना डकोर जनपद जालौन। विवेक कुशवाहा पुत्र अरविन्द कुशवाहा निवासी मुहल्ला तिलक नगर मकान नं0 240 थाना, कोतवाली उरई जनपद जालौन। आनन्द उर्फ भोलू तिवारी पुत्र भगवत नारायण निवासी ग्राम मुहम्मदाबाद थाना डकोर जनपद जालौन। ब्रजेश कुमार अहिरवार पुत्र रामनारायण निवासी ग्राम चिल्ली थाना डकोर जनपद जालौन। फूलसिंह राजपूत पुत्र श्रीचन्द्र निवासी ग्राम जकोडी थाना जरिया जनपद हमीरपुर। मनीष पाल पुत्र जगराम पाल निवासी बडेरा थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन। राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू अहिरवार पुत्र राधेलाल निवासी ग्राम कुसमिलिया थाना डकोर जनपद जालौन। ओमप्रकाश पुत्र बद्रीप्रसाद राजपूत निवासी ग्राम कुसमिलिया थाना डकोर जनपद जालौन।

## गोइलकेरा के युवक की हत्या मामले का उद्भेदन, चांडिल पुलिस ने कुचाई के युवक को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चक्रधरपुर(झारखंड)।** चांडिल थाना क्षेत्र के कटिया स्थित बिरसा स्टेडियम के समीप शव मिलने की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है. पुलिस ने मिले साक्ष्य के आधार पर हत्या के आरोप में एक युवक विक्रम मुंडा उर्फ टिक्का मुंडा को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया. घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. गिरफ्तार विक्रम मुंडा सरायकेला—खरसावां जिले के कुचाई था सियाडीह (नयाडीह) का रहने वाला है.

इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि विगत 20 फरवरी को काटिया स्टेडियम के बगल के खेत में एक शव पुलिस ने बरामद किया था. इसकी पहचान पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा निवासी सुकराम गोप के रूप में की गयी. दोनों क्रिस्टल थर्मोकोल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम कर रहा था. उन्होंने बताया कि विगत 18 फरवरी को विक्रम मुंडा उर्फ टिक्का मुंडा ने एक मोबाइल खरीदा था. उक्त मोबाइल व 9 हजार रुपये सुकराम गोप ने चोरी कर ली थी.

इसका बदला लेने के लिए विक्रम मुंडा ने अपने चार सहयोगियों के साथ मिलकर सुकराम गोप को पत्थर से कूच कर हत्या कर दी थी. विक्रय मुंडा उर्फ टिक्का मुंडा को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त पत्थर को जब्त कर लिया गया है. हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बिहपुर में होली में हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की नजर : थानाध्यक्ष राहुल कुमार

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** होली पर्व को लेकर शुक्रवार को बिहपुर थाना एवं झंडापुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन थानाध्यक्षों ने किया। बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने सभी से अपील किया कि होली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं, होली में शरारती तत्वों एवं हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।होली में डीजे पर डांस करना मुश्किल में डाल सकता है। होली में जबरदस्ती रंग न लगाएं न ही किसी प्रकार का अफवाह फैलाएं।अगर किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो तुरंत थाना को सूचित करें। बीडीओ सतनारायण पंडित, रेल थाना अध्यक्ष सुदामा पासवान, अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक में जिप सदस्य मोइन राइन, राजद जिला अध्यक्ष अलख निरंजन पासवान,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इरफान , जावेद खान, मोहर्रम कमेटी के सचिव मोहम्मद इबरार आलम, पंचायत समिति प्रतिनिधि मोहम्मद जावेद, फरदीन खान उर्फ लल्लन,सहित इलाके के लोग मौजूद थे।

## राजू सहनी ने अपने खर्च से एक युवती का कराया शादी

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** एक कहावत है कि अगर नसीब में अच्छा होना लिखा हो तो, कोई रोक नहीं सकता। यह कहावत उजियारपुर प्रखंड के लखनीपुर महेशपट्टी में सच साबित होती दिख रही है। जहां आर्थिक तंगी के कारण गांव की एक बेटी की शादी में आ रही परेशानी को दुर करते हुए समाजसेवी राजू सहनी ने उस बच्ची की शादी धूमधाम से कराने का फैसला ले लिया और शादी से 12 घंटा पहले समाजसेवी भाई राजू सहनी ने उक्त बच्ची के घर शादी का जोड़ा, चुनरी, बक्शा, श्रृंगार का सारा सामान व शादी में दुल्हे के साथ आने वाले बारातियों के खाने पीने का सामान आदि उपलब्ध करा दिया।

शादी से संबंधित यह सारा सामान पाकर दुल्हन बनी रेखा कुमारी व उनके पिता रामवृक्ष सदा काफी खुश नजर आ रहे थे। इस संबंध में उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर कमला गांव निवासी समाजसेवी भाई राजू सहनी के टीम के सदस्य सह पुर्व पंचायत समिति सदस्य रामश्रेष्ठ सहनी ने बताया कि समाजसेवी भाई राजू सहनी असम के गुवाहाटी में रहकर व्यवसाय करते हैं तथा कभी कभी उजियारपुर में भी आना जाना होते रहता है। हालांकि बीते दिनों समाजसेवी राजू सहनी को कहीं से सुचना मिली कि लखनीपुर महेशपट्टी पंचायत के वार्ड संख्या 01 निवासी रामवृक्ष सदा के पुत्री की शादी शुक्रवार 07 मार्च को तय है, लेकिन आर्थिक परेशानी रहने के कारण उनलोगों को काफी दिक्कत हो रही है। जैसे ही समाजसेवी भाई राजू सहनी को जानकारी मिलते ही उन्होंने अपनी टीम के लोगों को लखनीपुर महेशपट्टी गांव भेजकर जिस लड़की की शादी है उसके पिता से मिलकर उनका हालचाल जाना। जिसके बाद वह उक्त लड़की की शादी संपन्न कराने का जिम्मा उठाते हुए, उपहार स्वरूप शादी का जोड़ा, श्रृंगार का सामान, पेटी—बक्शा समेत बारातियों के स्वागत के लिए टेंट व भोजन का सामग्री भी उपलब्ध करा दिया गया है।

वहीं लड़की के पिता का बताना है कि वह दुसरे प्रदेश में रहकर मजदुरी किया करते थे। एक दिन एक हादसे में उनके हाथ में चोट लग गयी। जिसके कारण वह विगत कुछ महीनों से घर पर ही है। जिसके कारण आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी सूचना किसी तरह उजियारपुर प्रखंड के भगवानपुर कमला गांव निवासी समाजसेवी राजू सहनी को हो गयी। जिसके बाद उन्होंने अपने टीम के लोगों को भेजकर करीब 30—35 हजार का सामान उपलब्ध कराया है। इस दौरान लड़की के पिता ने समाजसेवी राजू सहनी को दिल से धन्यवाद दिया। मौके पर राजू सहनी टीम के सदस्यों में भगवानपुर कमला पंचायत के सरपंच पति जयराम सहनी, श्रीराम सहनी, रामश्रेष्ठ सहनी, सुजित कुमार, चन्दन सहनी, बैजनाथ सहनी, कैलाश सहनी, राजेश कुमार सिंह, वरुण कुमार राय, सियाराम राय, रंजीत प्रसाद, हरेंद्र सहनी, सुखलाल सहनी, नकुल सहनी, मदन सहनी, बटोरन सहनी, सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द कुमार राय चंद्रकांत सिंह ललीत कुमार सिंह कपिल पासवान, सुरेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन—805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर—9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद—विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।